26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शनिवार, 25 जुलाई , 2026

अंक- 271 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16




# धर्मेंद्र प्रधान ने इस्तीफा दिया

*नई दिल्ली ( चिंगारी )। आखिरकार सरकार को जेन जी के सामने झुकना पड़ा। कॉकरोच जनता पार्टी के धरना-प्रदर्शन के आज 36वें दिन शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा देना पड़ा। जिन युवाओं को कॉकरोच कहकर चिढ़ाया गया था, उन्होंने अपनी एकता, आत्मबल और संघर्ष की शक्ति के आगे एक जिद्दी सरकार को झुकाकर ही दम लिया। कॉकरोच जनता पार्टी की दो मांगे सरकार ने कल ही मान ली थीं, लेकिन धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे पर गतिरोध बना हुआ था। हालांकि युवाओं का विरोध प्रदर्शन जिस तरह देशव्यापी होता जा रहा था, उसे देखते हुए यह लग रहा था कि धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दे सकते हैं। आज सरकार की कॉकरोच जनता पार्टी से वार्ता प्रस्तावित थी। हालांकि कॉकरोच जनता पार्टी ने दो टूक कहा था कि धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बिना सरकार से वार्ता का कोई अर्थ नहीं है।*

## कॉकरोचों ने झुकाया सरकार को

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने अपना इस्तीफा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेज दिया है। नीट परीक्षा में हुई गड़बड़ी को लेकर देशभर में जारी विवाद और जंतर-मंतर पर चल रहे छात्र आंदोलन के बीच उन्होंने यह फैसला लिया। धर्मेंद्र प्रधान ने



सोशल मीडिया पर एक इसका ऐलान किया और इस्तीफा देने की वजह भी बताई। अपनी चिट्ठी में उन्होंने लिखा कि पिछले चार दशक से अधिक समय से वह छात्र, शिक्षक और शिक्षा सुधार के लिए समर्पित रहे हैं। उनका हमेशा से मानना रहा है कि मजबूत, समावेशी और दूरदर्शी शिक्षा व्यवस्था ही किसी भी राष्ट्र के विकास की आधारशिला होती है। अपने इस्तीफे पर धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि पिछले 10 दिनों की घटनाओं ने उन्हें बेहद व्यथित किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह उनके व्यक्तिगत सम्मान का विषय नहीं, बल्कि देश के युवाओं के भविष्य का सवाल है। उन्होंने कहा कि वह नहीं चाहते कि छात्रों का भविष्य कानूनी विवादों और राजनीतिक टकराव में उलझे या उनका ध्यान पढ़ाई से भटके। इसी भावना के साथ उन्होंने पद छोड़ने का निर्णय लिया। चिट्ठी के आखिर में धर्मेंद्र प्रधान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन, मंत्रिपरिषद के सहयोगियों, शिक्षा मंत्रालय के अधिकारियों और कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जीवन में आगे भी वह भारत माता, ओडिशा की जनता और देश के युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए पूरी निष्ठा के साथ काम करते रहेंगे।






आदर्श आयुर्वेदा

गुप्त रोग घबरायें नहीं उचित इलाज करवायें

धात, सैक्स, नामर्दी, शीघ्रपतन, बेऔलाद, शुक्राणु की कमी

जबर्दस्त मर्दाना ताकत प्राप्त करें।

गठिया, बाय, जोड़ों व घुटनों के पुराने दर्द का आयुर्वेद दवाइयों द्वारा सफल इलाज।

पता- बैराज रोड, निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बिजनौर

मो. 7017484725 बुधवार पूर्ण अवकाश



# दिल्ली में जंतर-मंतर पर किये गये लाठीचार्ज की गूंज बिजनौर भी पहुंची

## आसपा-भीम आर्मी ने किया प्रदर्शन







### पुलिस कार्रवाई की निष्पक्ष जांच की उठी मांग

ज्ञापन में जंतर मंतर पर छात्राओं के साथ हुई अशोभनीय घटनाओं की निष्पक्ष जांच कराने, मौके पर मौजूद व्यक्तियों की पहचान सार्वजनिक करने तथा आंसू गैस के गोलों के इस्तेमाल और प्रदर्शन स्थल पर हुई कथित घटनाओं की जांच की मांग की गई। पुलिस द्वारा लाठियों के इस्तेमाल की भी जांच कर जिम्मेदारी तय करने की मांग रखी गई। इसके अलावा भविष्य में सभी पुलिस एवं केंद्रीय सुरक्षा बलों के जवानों की वर्दी पर स्पष्ट और पठनीय नेम प्लेट अनिवार्य किए जाने की मांग भी की गई।

### नुमाइश ग्राउंड से कलेक्ट्रेट कूच पर पुलिस ने लगाई रोक, हुई तीखी नोकझोंक






बिजनौर (चिंगारी)। दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों के आंदोलन और लाठीचार्ज की तपिश अब बिजनौर तक पहुंच गई है। छात्रों के समर्थन और पुलिस कार्रवाई के विरोध में आज आजाद समाज पार्टी (आसपा) और भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने नुमाइश ग्राउंड से नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट की ओर कूच करने की कोशिश की, लेकिन पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने उन्हें ग्राउंड से बाहर निकलने की अनुमति नहीं दी। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस-प्रशासन के बीच तीखी नोकझोंक हुई। आखिरकार प्रदर्शनकारियों ने नुमाइश ग्राउंड में ही अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा।

एएसपी सिटी और एडीएम को सौंपे गए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन में कहा गया कि देश की शिक्षा व्यवस्था, प्रतियोगी परीक्षाओं की निष्पक्षता, भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और रोजगार के अवसरों को लेकर युवाओं में लगातार आक्रोश बढ़ रहा है। जंतर-मंतर पर चल रहे आंदोलन के दौरान छात्रों पर हुए कथित लाठीचार्ज ने भी पुलिस कार्रवाई पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। प्रदर्शनकारियों ने लोकतांत्रिक व्यवस्था में छात्रों और युवाओं की आवाज को गंभीरता से सुनने तथा उनकी जायज मांगों पर संवेदनशीलता के साथ निर्णय लेने की मांग की। ज्ञापन में पेपर लीक पीड़ित परिवारों को एक करोड़ मुआवजा, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देने की मांग की गई। प्रदर्शनकारियों ने शिक्षा माफिया और पेपर लीक गिरोहों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग करते हुए जौहर यूनिवर्सिटी, रामपुर में प्रस्तावित बुलडोजर कार्रवाई रोकने और छात्रों के हितों की रक्षा सुनिश्चित करने की भी मांग की। प्रदर्शन का नेतृत्व आसपा जिलाध्यक्ष सतेंद्र कुमार, सांसद प्रतिनिधि विवेक सेन, गौहर इकबाल, आयुष चौहान, शहजाद अहमद, जितेंद्र राना, दीपक कुमार, मौलाना अतीकुर्रहमान, सलीम अंसारी, अशोक कुमार, प्रशांत सागर, नजीबाबाद चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम, अभिषेक सूर्यवंशी, खुर्शीद मंसूरी, साहिल मेहरा, फहीम अंसारी, विवेक सैन, रोहित कुमार, सभासद तुफैल अहमद, टिंकू सिंह, रवि कुमार, साखवत अली, संदीप चौधरी आदि ने किया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे।

बिजनौर में खुल गया है
ATHER कम डाउन पेमेंट कम ब्याज दर ATHER
आज ही लायें एथर स्कूटर



इलेक्ट्रिक स्कूटर के बादशाह
एथर का शोरूम
बिजनौर/धामपुर में एथर शोरूम के लिये आवश्यकता है- शोरूम मैनेजर, सेल्स एक्सयूटिव एवं मैकेनिक की।
मो. 8192801901
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

चल रही गुरु पूर्णिमा की तैयारी, जायजा लेने पहुंचे थाना प्रभारी ( पेज 10 )



# चोर उठा ले गये संदूक, रेस लगा रहे लड़कों पर चलाई बंदूक

## मुहद्दीनपुर में हुई सनसनीखेज वारदात

### गांव में दहशत का माहौल

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** बीती रात एक साथ कई चोर एक घर में घुसे और संदूक का ताला तोड़ने की बजाय संदूक ही उठाकर ले गए। मकान की छत पर सो रहे मकान मालिक व उसकी पत्नी को चोरी की भनक तक नहीं लगी। जाते समय बाइक सवार चोरों ने सड़क पर रेस लगा रहे युवकों पर पीछा करने का शक करते हुए फायरिंग भी की, जिसमें तीन युवक घायल हो गए। थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम भगतावाला में 2 दिन पूर्व हुई चोरी की बड़ी वारदात को क्षेत्रवासी अभी भूल भी नहीं पाए थे कि बीती रात चोरों ने क्षेत्र के ग्राम मोहिउद्दीनपुर में चोरी की वारदात को अंजाम दे डाला। गांव निवासी बृजेश चौहान उर्फ विजय पुत्र स्व. हरकेश सिंह अपनी पत्नी रेखा सहित घर का मेन गेट बंद कर छत पर सो रहे थे। घर में नीचे और कोई नहीं था कि आधी रात के बाद चोर उनके घर में घुसे और कमरों को खंगालते हुए ताला तोड़े बिना एक संदूक को ही उठाकर ले गए। तड़के में बाइक द्वारा गांव से जाते समय चोरों ने सड़क पर रेस लगा रहे युवकों पर पीछा करने का शक करते हुए फायरिंग की। फायरिंग के बाद मचा शोर सुनकर छत पर सो रहे बृजेश व उनकी पत्नी भी जाग गए और जब उन्होंने नीचे उतरकर देखा तब उन्हें अपने घर में चोरी हो जाने की जानकारी प्राप्त हुई। पीड़ित बृजेश के मुताबिक चोरों द्वारा ले जाए गए संदूक में कुछ नगदी, सोने व चांदी के कई जेवरात व कुछ घरेलू सामान था जो चोरी हुआ है। चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद बाइकों से जा रहे चोरों ने अपना पीछा करने के शक में सड़क पर रेस लगा रहे युवकों पर फायरिंग कर दी, जिसमें हर्षित चौहान पुत्र जितेंद्र, दीपांशु चौहान पुत्र मोहन सिंह व आयुष पुत्र योगेश चौहान घायल हो गए, जिन्हें सीएचसी अफजलगढ़ ले जाया गया। युवकों के हाथ व पेट में छर्रे लगे हैं।



घायल हर्षित चौहान | दीपांशु चौहान | आयुष चौहान



चोरी की घटना के पास मौजूद भीड़ व पुलिस

### पुलिस अधिकारियों ने किया निरीक्षण

घटना की सूचना पाते ही एसएचओ राजीव कुमार वर्मा व सीओ अफजलगढ़ आलोक कुमार सिंह सहयोगी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे, जबकि कुछ समय बाद अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) अमित किशोर श्रीवास्तव भी घटनास्थल पर आ गए, जहां फिंगर एक्सपर्ट, सर्विलांस व डॉग स्क्वायड टीम को भी मौके पर बुला लिया गया। समाचार लिखे जाने तक घटनास्थल पर अधिकारियों द्वारा की जा रही खोजबीन जारी थी।

### हेलमेट लगा रखे थे

**ग्रामीणों के बीच चर्चाओं के मुताबिक इस घटना को अंजाम देने में तीन बाइकों पर छह बदमाश आए थे, जिनमें तीनों बाइक चालक हेलमेट लगाए हुए थे।**

TATA MOTORS COMMERCIAL VEHICLES | Better Always
TATA
INTRA V30 GOLD PICKUP





APPLY FOR VACANCY

- Sales Executives : 2 (Bijnor, Dhampur)
- Receptionist (Female) : 1 (Bijnor)
- Mechanic / Electrician : 2 (Bijnor)
- Cashier : 1 (Bijnor)

Contact - hr.cnsmotors@gmail.com, Ph: 7055501562

CNS Motors Pvt. Ltd. (TATA Motors CV Dealer)
Address: NH-119, Kiratpur Road, Pedda, Bijnor
Branches: Najibabad, Dhampur, Joya (Amroha)
Phone : 8484932387, 8476001007





कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, श्री हॉस्पिटल के सामने बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

**भली लगे या बुरी ...**

## दलित उत्पीड़न की घटनाएं

देश में आयेदिन कहीं न कहीं घटित हो रही दलित-उत्पीड़न की घटनाओं को देखते हुए इस समस्या पर नए सिरे से विचार करना लाजिमी हो जाता है। हाल के वर्षों में कुछ अंतराल के मध्य ऐसी दो घटनाएं सामने आई। पहली हरियाणा के हिसार जिले के भगाणा गांव की है। जाटों द्वारा वहां के तमाम दलित परिवारों का बहिष्कार कर दिया गया था। बहिष्कार के विरोध में सौ के करीब अपेक्षाकृत मजबूत दलित जातियों के लोगों ने तो अपने परिवार और जानवरों सहित हिसार के मिनी सचिवालय के निकट में आसमान के नीचे आश्रय ले लिया किन्तु कुछ दलित परिवारों ने गांव में ही टिके रहने का निर्णय लिया। इन्हीं परिवारों की चार लड़कियों को भगाणा के दबंगों ने अगवा कर दो दिनों तक उनका शारीरिक शोषण किया। आठवीं और नौवीं क्लास में पढ़ने वाली इन लड़कियों का कसूर सिर्फ इतना था कि वे पढ़ना चाहती थीं। उनके अभिभावकों ने उन्हें इसकी इजाजत दे रखी थी लेकिन गांव के दबंगों को यह मंजूर नहीं था, लिहाजा उन्हें यह सजा देकर असलियत बता दी गई। स्थानीय प्रशासन से हताश-निराश पीड़ित परिवार दिल्ली के जंतर-मंतर पर इंसाफ की गुहार लगाते दिखे और उनकी मुहिम में दिल्ली के कई छात्र-शिक्षक, लेखक-एक्टिविस्ट आदि जुड़े। लेकिन अभी भगाणा पीड़ितों के पक्ष में अवाज बुलंद हो ही रही थी कि दिल्ली बॉर्डर पर नोएडा के कनावनी गांव में जमीनी विवाद के चलते दबंगों ने दलित बस्ती के अनेक घर तहस-नहस कर दिए। छावनी में तब्दील गांव में पुलिस की उपस्थिति के बावजूद दलित पलायन कर गए। बहरहाल जब-जब भगाणा या कनावनी जैसे कांड होते हैं तो दलितों के साथ राष्ट्रप्रेम व मानवाताबोध संपन्न नागरिकों में भी चिंता की लहर दौड़ जाती है। वे सभा-संगोष्ठियां आयोजित एवं घटनास्थल का मुयायना कर असहिष्णु लोगों के कार्य की निंदा करते हुए उनके विवेक को झकझोरने का अभियान चलाते हैं लेकिन नतीजा सिफर ही निकलता है। समय-असमय परवर्तित स्थान पर दलित-विरोधी भावना का पुनः प्रकटीकरण हो ही जाता है।

# मोबाइल क्या-क्या खा गया?



**दोष मोबाइल का नहीं, बल्कि उसके असंतुलित उपयोग का है। हमें मोबाइल को अपना सहायक बनाना चाहिए, अपना मालिक नहीं। यदि हम इसका विवेकपूर्ण उपयोग करेंगे तो मोबाइल विकास का शक्तिशाली साधन बनेगा अन्यथा यह धीरे-धीरे हमारे बचपन, संस्कृति, आत्मीयता, रिश्तों की मिठास तथा शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता रहेगा।**

आज का युग विज्ञान और तकनीक का युग है। मोबाइल फोन आधुनिक जीवन का सबसे महत्वपूर्ण साधन बन चुका है। एक समय था जब अलग-अलग कार्यों के लिए अलग-अलग उपकरणों की आवश्यकता पड़ती थी, लेकिन आज एक छोटा-सा स्मार्ट फोन उन सभी कार्यों को अकेले ही पूरा कर देता है। इसलिए सहज ही यह प्रश्न उठता है- मोबाइल क्या-क्या खा गया? वास्तव में मोबाइल ने केवल अनेक उपकरणों की जगह नहीं ली, बल्कि हमारे जीवन की अनेक परंपराओं, संस्कारों, रिश्तों और भावनाओं को भी प्रभावित किया है।

मोबाइल ने रेडियो, टेलीविजन, कैमरा, टॉर्च, कैलकुलेटर, घड़ी, टेलीफोन और कंप्यूटर जैसे अनेक उपकरणों को अपने भीतर समेट लिया। चिट्ठियों की जगह व्हाट्सऐप और ईमेल ने ले ली, पुस्तकालय की जगह इंटरनेट ने और मनोरंजन के लिए मोबाइल स्क्रीन ने काफी हद तक स्थान बना लिया।

सबसे अधिक प्रभाव बच्चों के बचपन पर पड़ा है। पहले बच्चे गली-मोहल्लों में खेलते थे, मित्रों के साथ समय बिताते थे और खेल-खेल में अनुशासन, सहयोग तथा हार-जीत का अनुभव सीखते थे। मोहल्ले के बड़े-बुजुर्ग भी बच्चों को संस्कार और सही मार्गदर्शन देते थे। कितना आनंद आता था, जब मोहल्ले के लोग बैलगाड़ी और ट्रैक्टर-ट्रॉली में बैठकर एक साथ मेला देखने जाया करते थे। उस सामूहिक यात्रा में हंसी, अपनापन और उत्साह का अद्भुत वातावरण होता था। आज स्थिति यह है कि बच्चे जहां भी जाते हैं, अधिकतर समय अपने मोबाइल में ही खोए रहते हैं। अनेक बच्चे मोबाइल की दुनिया में इतना समय बिताने लगे हैं।

आज बड़ी समस्या यह भी है कि कई माता-पिता को लगता है कि उनके बच्चे मोबाइल का उपयोग केवल पढ़ाई के लिए कर रहे हैं, लेकिन कई बार बच्चे पढ़ाई के नाम पर मोबाइल में मनोरंजन, गेम और सोशल मीडिया जैसी गतिविधियों में अपना समय व्यतीत करने लगते हैं। जब तक माता-पिता को वास्तविक स्थिति का पता चलता है, तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। इसलिए आवश्यक है कि माता-पिता बच्चों के मोबाइल उपयोग पर ध्यान दें, उनसे निरंतर संवाद बनाए रखें और उन्हें तकनीक के सही एवं संतुलित उपयोग के लिए प्रेरित करें।

एक समय था जब शाम को घर लौटकर परिवार के साथ आम और नमक की रोटी खाकर भी मन और पेट दोनों तृप्त हो जाते थे, क्योंकि उसमें अपनापन और स्नेह का स्वाद होता था। आज अनेक बच्चे मोबाइल की दुनिया में इतने खो गए हैं कि परिवार के साथ बैठकर भोजन करने का आनंद भी उनसे दूर होता जा रहा है।

पहले परिवार शाम को एक साथ बैठकर बातचीत करता था। बच्चे अपने अनुभव साझा करते थे और



माता-पिता अपने ज्ञान तथा अनुभव से उनका मार्गदर्शन करते थे। परिवार में संवाद, स्नेह और अपनापन बना रहता था। आज एक ही घर में रहते हुए भी लोग अपने-अपने मोबाइल में व्यस्त दिखाई देते हैं, जिससे बातचीत कम और दूरियां बढ़ती जा रही हैं।

मोबाइल ने हमसे अपनापन भी छीन लिया है। पहले जब माता-पिता की तबीयत खराब होती थी, तो बच्चे सरसों का तेल गर्म करके उनके पैरों की मालिश करते, पैर दबाते और स्नेह से उनकी सेवा करते थे। आज अधिकांश बच्चे मोबाइल की दुनिया में इतने व्यस्त हैं कि उन्हें अपने ही माता-पिता की पीड़ा का एहसास नहीं हो पाता।

मोबाइल ने हमारी अतिथि-नवाज़ी की परंपरा को भी प्रभावित किया है। पहले घर में मेहमान आते थे तो बच्चे उत्साह से उनका स्वागत करते, पानी और फल परोसते। घर में मेहमानों के आगमन पर बच्चे ही खाट, नई दरी, नया पलंग, तकिया आदि की व्यवस्था बड़े प्रेम, सम्मान और उत्साह के साथ किया करते थे। इसके बाद घर के आंगन में लगे आम, अमरूद, बेर और जामुन के पेड़ों के फल भी प्रेम और अपनत्व के साथ मेहमानों को खिलाए जाते थे। बच्चे बड़े उत्साह से अपने बाग-बगीचे और खेतों की बातें मेहमानों को बताते थे। आज कई बार बच्चे मोबाइल में इतने व्यस्त रहते हैं कि उन्हें मेहमानों की उपस्थिति का भी ध्यान नहीं रहता।

रामायण में माता शबरी द्वारा भगवान श्रीराम को प्रेमपूर्वक बेर अर्पित करने का प्रसंग हमें सिखाता है कि सच्चा सत्कार वस्तुओं से नहीं, बल्कि भावनाओं से होता है। आज आवश्यकता है कि आधुनिक सुविधाओं के साथ हम अपनी इस परंपरा और अपनत्व को भी बनाए रखें।

मोबाइल ने त्यौहारों की आत्मीयता को भी बदल दिया है। पहले लोग हाथ से लिखे ग्रीटिंग कार्ड भेजते थे, जिनमें भावनाओं की गर्माहट होती थी। आज संदेश कुछ ही क्षणों में पहुंच जाते हैं, लेकिन हाथ से लिखे शब्दों का अपनापन कम हो गया है।

मोबाइल के कारण पुस्तकों के अध्ययन और चिंतन की आदत भी प्रभावित हुई है। लोग खाली समय का अधिक भाग सोशल मीडिया और मनोरंजन में बिताने लगे हैं। हालांकि मोबाइल के अनेक सकारात्मक पक्ष भी हैं। शिक्षा, चिकित्सा, ऑनलाइन बैंकिंग, डिजिटल भुगतान और आपातकालीन सेवाओं में मोबाइल ने जीवन को सरल और सुविधाजनक बनाया है।

**डा. अमित चौहान ( पत्रकार )**

# मनोज पारस ने किया 1.48 करोड़ की योजना का शिलान्यास

## पर्यटन विभाग द्वारा रामलीला बाग स्थित बड़े मंदिर पर बनाया जायेगा मल्टीपर्पज हॉल

**नगीना ( चिंगारी )।** विधायक मनोज पारस ने आज रामलीला बाग पहुंचकर मंदिर परिसर में भूमि पूजन किया और पर्यटन विभाग की योजना के तहत मल्टीपर्पज हॉल का शिलान्यास किया। इस अवसर पर विधायक मनोज पारस ने कहा कि इस बहुउद्देशीय हॉल की मांग क्षेत्रवासियों द्वारा लंबे समय से की जा रही थी। उन्होंने बताया कि इस हॉल का उपयोग स्थानीय नागरिक विवाह समारोह, सामाजिक बैठकों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिये कर सकेंगे।



विधायक मनोज पारस ने बताया कि बहुउद्देशीय हाल के साथ मंदिर परिसर में इंटरलॉकिंग कार्य भी कराया जाएगा। इस अवसर पर बड़ा मंदिर कमेटी के अध्यक्ष साहू सलिल अग्रवाल, प्रबंधक मुकेश अग्रवाल उर्फ आले, लाला हरि गोपाल अग्रवाल, मुकेश राजपूत, विजेंद्र सिंह, सचिन बिश्नोई, अमित जैन विक्की, आलोक चौधरी, अक्षय पारस, शिवकुमार गोस्वामी, राजू बिश्नोई, सुधीर राठी, टिकेंद्र बिश्नोई, धर्मेंद्र पारस, संजीव चौधरी एड., पर्यटन विभाग से एई आदर्श गुप्ता, जेई दिनेश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# बिजनौर के चंद्रप्रकाश जौहर ने शायरी में दिखाये खूब जौहर

मरगूब रहमानी

बिजनौर की ज़रखेज़ धरती ने उर्दू अदब को एक से बढ़कर एक नायाब शायर दिये। इनमें एक नाम चंद्रप्रकाश जौहर का भी शामिल है। जौहर ने शायरी में अपनी सलाहियतों के खूब जौहर दिखाये। अपने ज़माने में चंद्रप्रकाश जौहर के इस शेर ने दुनिया भर में खूब वाह वाही लूटी- मैं हिन्दू हूं मगर ईमान रखता हूं मुहम्मद पर / कोई अंदाज़ तो देखे मिरी काफिर अदाई का।



चन्द्रप्रकाश जौहर बाकमाल शायर थे। उनकी एक खासियत ये भी थी कि वे जितने मुशायरों के मंच पर लोकप्रिय थे, उतने ही मक़बूल उर्दू पत्रिकाओं में भी थे। उस ज़माने में उर्दू की मासिक पत्रिका बीसवीं सदी का जलवा था। किसी भी शायर का बीसवीं सदी में छपना उसके बड़ा शायर होने की ज़मानत समझा जाता था। चंद्रप्रकाश जौहर बीसवीं सदी में बहुत ज़्यादा छपते थे।

बिजनौर के मोहल्ला कुंवर बाल गोविंद में रहने वाले चंद्रप्रकाश जौहर की पैदाइश 1933 की है। उनके पिता का नाम रामचन्द्र था। वे शायर तो नहीं थे, लेकिन उन्हें शायरी सुनने का बहुत शौक़ था। वे बिजनौर और आसपास होने वाला हर मुशायरा सुनने जाते थे। उन्हें शायरी की समझ थी। वे अच्छे शेरों पर खूब दाद देते थे। चन्द्रप्रकाश की परवरिश इसी शायराना माहौल में हुई। वे बचपन में अपने पिता के साथ मुशायरे सुनने जाते थे। मुश्यारे सुनते-सुनते चंद्रप्रकाश को भी शायरी का शौक़ लग गया। वे बक़ायदा शेर कहने लगे। प्रसिद्ध शायर इज़हार हुसैन खाँ इज़हार रामपुरी को उन्होंने अपना उस्ताज़ बनाकर अपना तखल्लुस जौहर रख लिया।

किरतपुर निवासी सीनियर शायर शनावर किरतपुरी बताते हैं कि चंद्रप्रकाश गज़ब के शायर थे। उन पर शायरी का जुनून था। वे मैयारी शेर कहते थे। शनावर किरतपुरी के अनुसार उन्होंने जौहर साहब के साथ कई मुशायरे पढ़े हैं। वे मुशायरों के हिट शायर कहलाते थे। पत्रिकाओं में भी खूब छपते थे। जौहर बिजनौरी इलाहाबाद चले गये थे और वहीं बस गये थे।

1995 में चंद्रप्रकाश जौहर का निधन हो गया। शायरी में दिलचस्पी रखने वाले लोगों के दिलों में चंद्रप्रकाश जौहर आज भी ज़िंदा हैं। लोग आज भी उनकी ग़ज़लें गुनगुनाते और उनके मशहूर शेर एक-दूसरे को सुनाते मिल जाते हैं। मारूफ शायर शकील जमाली व अरशद नदीम के मुताबिक चंद्रप्रकाश जौहर का औराक़-ए-गुल नाम से शेरी मजमूआ भी प्रकाशित हुआ। उनकी एक और किताब जवाहरात-ए-बिजनौर भी छपी। दोनों किताबें अदबी हल्क़ों में खासी पसंद की गई। चंद्रप्रकाश जौहर बिजनौरी को चिंगारी परिवार की ओर से हार्दिक श्रद्धांजलि।

### बानगी के तौर पर यहां उनकी ग़ज़ल प्रकाशित की जा रही है

पहले तो उसकी ज़ात ग़ज़ल में समेट लूं
फिर सारी काएनात ग़ज़ल में समेट लूं
होते हैं रूनुमा जो ज़माने में रोज़-ओ-शब
वो सारे हादसात ग़ज़ल में समेट लूं
पहले तो मैं ग़ज़ल में कहूं अपने दिल की बात
फिर सबके दिल की बात ग़ज़ल में समेट लूं
कोई ख़याल ज़ेहन से बचकर न जा सके
सारे तसव्वुरात ग़ज़ल में समेट लूं
जोहर ! वो बात जिस का तअल्लुक़ हो ज़ीस्त से
ऐसी हर एक बात ग़ज़ल में समेट लूं

## बीटेक द्वितीय सेमेस्टर में निशि चौहान प्रथम रही

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** एनजीआईसी इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, नजीबाबाद के बीटेक द्वितीय सेमेस्टर के घोषित परीक्षा परिणाम में छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्थान का गौरव बढ़ाया। इस परीक्षा में निशि चौहान ने 83.44 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, प्रियांशी अग्रवाल ने 79.88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा अनिकेत ने 75.55 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। सफलता प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों तथा नियमित अध्ययन व अनुशासित दिनचर्या को दिया।संस्थान के शिक्षकों ने बताया कि विद्यार्थियों की नियमित कक्षाओं में उपस्थिति, निरंतर अध्ययन एवं कठिन परिश्रम ही उनकी सफलता का मुख्य आधार रहा है। संस्थान की प्राचार्या डॉ. शिवानी चौहान ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर संस्थान के प्रबंध निदेशक अवनीश अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक अभिनव अग्रवाल, प्राचार्या डॉ. शिवानी चौहान, कोऑर्डिनेटर सुश्री श्वेता सिंह तथा संस्थान के समस्त शिक्षकों ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

## जमनादास धर्मशाला पर भंडारे का आयोजन



**हल्दौर ( चिंगारी )।** नगर निवासी डीके सैनी व रोहित सैनी द्वारा लाला जमनादास धर्मशाला पर एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। यहां रामलीला मैदान पर स्थित लाला जमनादास धर्मशाला पर आयोजित विशाल भंडारे से पूर्व पंडित दिनेशचंद शर्मा द्वारा पूजन कराया गया, जिसमें मुख्य यजमान डीके सैनी, उनके पिता पप्पू सैनी व रोहित सैनी, उनकी माता कमलेश सैनी रही। भंडारे में नगर के काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। पूर्व सांसद यशवीर सिंह धोबी ने सपा कार्यकर्ताओं, समर्थकों के साथ भंडारे में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में सपा नगर अध्यक्ष प्रमोद कुमार भोले, राजेश चौहान, चंद्रपाल सिंह सैनी, चरण सैनी, नवेद आलम कुरैशी, रवि प्रकाश, नाजिम सिद्दीकी, भूपेंद्र सिंह चौहान, राजवीर सैनी, कौशल सिंह, पीतांबर सैनी, बब्लू सैनी, घनश्याम सिंह, महिपाल सिंह, सत्येंद्र चौहान, रामा सैनी, दयाराम सैनी, भीमा सैनी, सुरेंद्र चौहान, मुदित त्यागी, जावेद व रामपाल सैनी आदि मुख्य रूप से शामिल रहे।

## गलती को समझना व उसमें सुधार करना ही सबसे बड़ी महानता है: योगेंद्र कुमार

**मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम सिकरौडा में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के तीसरे दिन कथा वाचक आचार्य योगेंद्र कुमार व ऋचा शर्मा ने उपस्थित श्रद्धालुओं को श्रीमद भागवत का महत्व बताया। भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं एवं राजा परीक्षित के प्रसंगों का मनोहर वर्णन सुनाया। उन्होंने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन का सार है, यह प्रेम, करुणा और सत्य के मार्ग का बोध कराती है। राजा परीक्षित और ऋषि के श्राप के प्रसंगों के माध्यम से यह समझाया कि भक्ति ही जीवन की सबसे उत्तम साधना है, जो न केवल दुखों से मुक्ति दिलाती है, बल्कि मोक्ष का मार्ग भी प्रशस्त करती है। अपनी गलती को समझना व उसमे सुधार करना ही सबसे बड़ी महानता है। श्रीमद् भागवत कथा पंडाल में सभी श्रदालु भाव विभोर हो गए। इस मौके पर नरेश त्यागी, पंकज त्यागी, मुनि देव त्यागी, ओमकार त्यागी, विकास शर्मा, दीपक त्यागी, सुरेंद्र त्यागी, सुभाष त्यागी, वेदप्रकाश शर्मा, रमाकांत शर्मा, राहुल चौधरी, नीलू गुप्ता, दीपमाला त्यागी, सुमन देवी, ललिता, राजो देवी, कुसुम लता, बेबी आदि आसपास क्षेत्र के श्रद्धालु उपस्थित रहे। कथा के बाद श्रद्धापूर्वक आरती की गई व सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।



## बीएलएड चतुर्थ वर्ष की परीक्षा का परिणाम घोषित



**हल्दौर ( चिंगारी )।** गहलौत कॉलेज हल्दौर की महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली से संबंध बीएलएड चतुर्थ वर्ष का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। जिसमें सांझ चौधरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कॉलेज प्रशासन के अनुसार बीएलएड चतुर्थ वर्ष में सांझ चौधरी 77.91 प्रतिशत प्रथम, पायल 77.78 प्रतिशत द्वितीय व रिया कुमारी 76.29 प्रतिशत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। कॉलेज प्रशासन ने उत्तीर्ण सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की है।



# डीएम व एसएसपी टिहरी ने मुनि की रेती एवं ढालवाला में कांवड़ मेला की तैयारियों का लिया जायजा



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** आगामी 30 जुलाई से शुरू होने वाले कांवड़ मेले की तैयारियों के तहत जिलाधिकारी टिहरी नितिका खंडेलवाल ने मुनिकीरेती, तपोवन क्षेत्र का निरीक्षण किया और अधिकारियों को रूके हुए कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

नगर पालिका परिषद मुनिकीरेती-ढालवाला में आयोजित बैठक में पालिकाध्यक्ष नीलम बिजल्वाण ने जिलाधिकारी टिहरी नितिका खंडेलवाल और एसएसपी टिहरी श्वेता चौबे का बुके देकर स्वागत किया। इसके बाद जिलाधिकारी ने कांवड़ मेले की तैयारियों को लेकर सभी सम्बन्धित विभागों के साथ समीक्षा बैठक की। जिसमें उन्होने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को रामझूला पुल में आवाजाही बंद करने के निर्देश दिए। यूपीसीएल विभाग के अधिकारियों को खराब विद्युत लाइनें शीघ्र

## बैठक में अधिकारियों को दिये आवश्यक निर्देश

दुरस्त करने, खाद्य आपूर्ति विभाग को मेले से पूर्व व दौरान दुकानों व होटलों के निरीक्षण करने, नगर पंचायत तपोवन के अधिशासी अधिकारी को पार्किंगों में बेहतर साफ-सफाई, रेट लिस्ट चस्पां करने, शौचालयों व मोबाइल टॉयलेटों में बेहतर साफ-सफाई रखने, जल संस्थान को पीने के पानी व शौचालयों में सप्लाई व टैंकरों के माध्यम से बेहतर ढंग से आपूर्ति करने के लिए कहा। इसी के साथ वन विभाग, चिकित्सा विभाग तथा एनएच विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में उपजिलाधिकारी आशीष घिल्डियाल, सीओ सुरेंद्र भंडारी, प्रभारी मुनिकीरेती थाना प्रदीप चौहान, अधिशासी अधिकारी बद्री प्रसाद भट्ट, अधिशासी अधिकारी यशवीर सिंह, सभासद विनोद सकलानी, अधिशासी अभियंता सिंचाई कमल सिंह, सहायक अभियंता दर्मियान सिंह असवाल, अवर अभियंता आशीष कोंडल, अवर अभियंता देवेश अवस्थी आदि उपस्थित थे।

# सेंट मेरी की लापता शिक्षिका सिस्टर सजिथा का चार दिन बाद भी नहीं चल पाया पता



लापता शिक्षिका सिस्टर सजिथा

**धामपुर ( चिंगारी )।** सेंट मेरी कान्वेंट स्कूल से 22 जुलाई की सुबह 5.30 बजे से लापता शिक्षिका सिस्टर सजिथा पुत्री एंथोनी का चार दिन बाद भी कोई सुराग नहीं लग पाया है। विद्यालय प्रशासन की सूचना पर पुलिस उनकी तलाश कर रही है। विद्यालय की प्रधानाचार्य कविता जोसेफ ने धामपुर कोतवाली में की गई शिकायत में अवगत कराया है कि सिस्टर सजिथा 22 जुलाई की सुबह 5.30 बजे स्कूल से बैग लेकर गई थी उनका धामपुर से स्थानांतरण हो गया था परंतु वह वहां नहीं पहुंची इसके बाद उनकी तलाश शुरू की गई जब वह नहीं मिली तो पुलिस में गुमशुदगी की तैयारी दे दी गई।

कोतवाल प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सिस्टर सजिथा, जिनकी आयु लगभग 59 वर्ष है, विद्यालय कार्यालय में कार्यरत थीं। 22 जुलाई को वह रहस्यमय तरीके से लापता हो गईं। सीसीटीवी फुटेज में उन्हें विद्यालय से बाहर जाते हुए और आखिरी बार धामपुर के रोडवेज बस स्टेशन पर एक बस में चढ़ते हुए देखा गया है। कोतवाल के अनुसार पुलिस सिस्टर की तलाश में जुटी हुई है। धामपुर के विभिन्न स्थानों पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि उनकी लोकेशन का पता लगाया जा सके। कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सिस्टर की अंतिम लोकेशन मुरादाबाद आई है। उन्होंने बताया कि सिस्टर केरल की रहने वाली हैं। संभावना है कि शायद वह अपने घर चली गई हों। विद्यालय की प्रधानाचार्या कविता जोसेफ का कहना है कि विद्यालय प्रशासन उनके न मिलने पर चिंताग्रस्त है।

# कांवड़ यात्रा के मद्देनजर की जायें चाक-चौबंद व्यवस्थाएं ताकि शिवभक्त कांवड़ियों को न होने पायें असुविधाएं

**धामपुर ( चिंगारी )।** सामाजिक संस्था हिंदवी स्वराज्य संघ ने उप जिलाधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में सावन माह की कांवड़ यात्रा को सुगम, सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु व्यवस्थाएं लागू किये जाने की मांग की है ताकि कांवड़धारी शिवभक्तों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। ज्ञापन में अवगत कराया गया है कि बिजनौर और आसपास के क्षेत्र से बड़ी संख्या में शिव भक्त कांवड़ती धामपुर के विभिन्न मार्गो से होकर अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान करते हैं । ज्ञापन में कांवड़ यात्रा के दौरान मार्ग में संचालित होने वाली मांस, मदिरा आदि की दुकानों को पूरी तरह बंद रखने का आदेश जारी किए जाने की मांग भी की गई है। ताकि धार्मिक भावनाएं आहत ना हों और पवित्रता भी बनी रहे। इसके अतिरिक्त कांवड़ यात्रा के मार्गो की मरम्मत तथा उन्हें गड्ढा

## हिंदवी स्वराज्य संघ ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

मुक्त कराने हेतु प्रयास किए जाने तथा गड्ढों को भरवा कर उन्हें समतल किए जाने की मांग की गई है जिससे पैदल अथवा दंडवत यात्रा कर रहे श्रद्धालुओं को असुविधा न हो। ज्ञापन में कहा गया है कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी चौधरी कुलमणि सिंह मार्ग पर आवारा कुत्ते एकत्रित हो जाते हैं और रात्रि के समय इस मार्ग से गुजरने वाले कांवड़धारी शिव भक्तों और श्रद्धालुओं पर इनके द्वारा किए जाने वाले हमले का गंभीर खतरा बना रहता है। इसके अलावा निर्धारित मार्गो पर पथ प्रकाश एवं सफाई व्यवस्था प्रभावी रूप में सुनिश्चित किए जाने की मांग भी की गई है। हिंदवी स्वराज्य संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष भव्य भारद्वाज, प्रदेश अध्यक्ष विभूति कांत शर्मा के संरक्षण में ज्ञापन देने वाले कार्यकर्ताओं में मनमोहन भारद्वाज संजय शर्मा बिल्लू शर्मा कृष्णा चंद्रा नितिन सैनी आदि शामिल रहे।

# जेके मॉडर्न अकादमी में हुआ पौधारोपण




एक पौधा एक नई उम्मीद के अंतर्गत पौधारोपण करते हुए छात्र।

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगीना रोड स्थित जेके मॉडर्न अकादमी में वृक्षारोपण कार्यक्रम 'वृक्षारोपण धर्म महान, हर वृक्ष संतान समान' पर पौधारोपण कर हरित पर्यावरण का संदेश दिया गया। निर्देशक कनक चौहान ने अधिक से अधिक पौधों के संरक्षण का संकल्प लेने की अपील की। विद्यालय प्रबंधक जितेंद्र चौहान ने पौधारोपण कर बच्चों को संदेश दिया कि पेड़ केवल पर्यावरण का आधार ही नहीं ,बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित स्वस्थ और स्वच्छ भविष्य की अमूल्य धरोहर है। प्रत्येक छात्र यदि एक पौधा लगाकर उसकी नियमित देखभाल का संकल्प ले तो पर्यावरण संरक्षण का लक्ष्य आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। इस अवसर पर विद्यालय के कक्षा 6 से 12वीं तक के छात्रों ने उत्साहपूर्ण पौधारोपण किया। विद्यालय प्रशासन द्वारा नीम, गुलमोहर, शीशम, जामुन, आम जैसे विभिन्न छायादार और फलदार पौधों को विद्यालय प्रांगण में लगाया गया और उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया।


## कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी ऑकू नहटौर

पत्रांकः- बेसिक/ख.शि./188/2026-27 दिनांकः- 24/07/2026

**विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विकास क्षेत्र ऑकू के 16 (सोलह) परिषदीय विद्यालयों में स्थित जर्जर भवनों की नीलामी दिनांक 05.08.2026 को प्रातः 10:00 बजे से बी.आर.सी. ऑकू के मीटिंग हॉल में की जानी है। निष्प्रयोजन भवनों का अवलोकन सम्बंधित विद्यालयों में जाकर किया जा सकता है। जर्जर भवनों की सूची व नीलामी की शर्तें बी.आर.सी. कार्यालय ऑकू पर चस्पां है।

खण्ड शिक्षा अधिकारी
वि. क्षेत्र - ऑकू, ( नहटौर )


# वार्डों में चल रहे सीवर लाइन निर्माण कार्य का महापौर ने किया निरीक्षण

## विकास कार्यों में गुणवत्ता से समझौता नहीं होगा



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** महापौर शम्भू पासवान द्वारा नगर निगम के वार्ड संख्या 38 और 39 में चल रहे सीवर लाइन निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया और मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान महापौर ने निर्देशित किया कि सीवर लाइन डालने के पश्चात खोदी गई सड़कों का पुनर्निर्माण और लेवलिंग पूरी सावधानी के साथ की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़कों की लेवलिंग इस प्रकार से हो ताकि बरसात या सामान्य दिनों में क्षेत्र में जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो और स्थानीय नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। महापौर ने इस बात पर जोर दिया कि विकास कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी कार्य निर्धारित मानकों और पूर्ण गुणवत्ता के साथ तय समय सीमा के भीतर पूरे किए जाएं। इस अवसर पर स्थानीय पार्षद राजेंद्र, संजय, प्रेम सिंह बिष्ट सहित ज्योति सजवान, नगर निगम के अधिशासी अभियंता अनिल नेगी, अवर अभियंता संदीप रतूड़ी स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# जिला अस्पताल में मनाया गया 16 नवजात बेटियों का जन्मोत्सव

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिला अस्पताल बिजनौर में महिला कल्याण विभाग की ओर से 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना के अंतर्गत विशेष जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अस्पताल में जन्मी 16 नवजात कन्या शिशुओं के आगमन की खुशी में आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में बालिकाओं के प्रति सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना और कन्या भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक कुरीति को समाप्त करने के लिए जागरूकता फैलाना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी जसजीत कौर उपस्थित रहीं।

इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी, बिजनौर तथा जिला महिला अस्पताल की मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका सीएमएस डॉ. प्रभा रानी सहित अन्य अधिकारी, चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने नवजात बालिकाओं की माताओं को स्वयं बेबी किट, उपहार, मिठाइयां एवं बधाई पत्र वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया।




जिलाधिकारी ने कहा कि बेटियां समाज की नींव हैं और किसी भी क्षेत्र में बेटों से कम नहीं हैं। सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का उद्देश्य बेटियों को सुरक्षित, सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है।

कार्यक्रम के दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी ने महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दी और पात्र लाभार्थियों से इनका लाभ उठाने का आह्वान किया। वहीं, सीएमएस डॉ. प्रभा रानी ने नवजात शिशुओं की देखभाल, नियमित टीकाकरण और स्तनपान के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान जिला अस्पताल परिसर में उत्साह और खुशी का माहौल रहा।

DF धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

# यातायात पुलिस ने चलाया चैकिंग अभियान, नियमों के उल्लंघन पर 38 वाहनों का चालान

**बिजनौर ( चिंगारी )।** पुलिस अधीक्षक बिजनौर के कुशल निर्देशन में यातायात पुलिस ने शुक्रवार को यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ व्यापक चैकिंग अभियान चलाया। शहर के प्रमुख चौराहों और संवेदनशील मार्गों पर बैरिकेडिंग कर वाहनों की सघन जांच की गई। अभियान के दौरान विशेष रूप से ड्रिंक एंड ड्राइव, ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले प्रेशर हॉर्न व हूटर, मॉडिफाइड साइलेंसर तथा फर्जी नंबर प्लेट वाले वाहनों को निशाना बनाया गया।

यातायात पुलिस के अनुसार, ड्रिंक एंड ड्राइव के मामले में 21 चालान किए गए। वहीं सड़कों पर पटाखे जैसी तेज आवाज करने वाले 11 मॉडिफाइड साइलेंसर लगे वाहनों के खिलाफ भी चालानी कार्रवाई की गई। पुलिस कार्रवाई से बचने और पहचान छिपाने के उद्देश्य से फर्जी नंबर प्लेट लगाने वाले 21 वाहनों को पकड़कर उनके चालान किए गए। इसके अलावा आमजन और राहगीरों को परेशान करने तथा भारी ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले प्रेशर हॉर्न व हूटर लगे 5 वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। चैकिंग के दौरान आवश्यक दस्तावेज नहीं होने और यातायात नियमों के उल्लंघन पर एक वाहन को मौके पर ही सीज किया गया।

श्रावण मास कांवड़ यात्रा के मद्देनजर यातायात पुलिस द्वारा सभी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाने का अभियान भी जारी है। पुलिसकर्मी अपने-अपने चौराहों और तिराहों पर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर रिफ्लेक्टर टेप लगा रहे हैं। साथ ही कांवड़ मार्गों पर सड़क सुरक्षा के संबंध में 70 स्थानों पर सांकेतिक बोर्ड लगाए गए हैं। यातायात पुलिस बिजनौर ने आमजन से यातायात नियमों का पूरी तरह पालन करने की अपील की है। पुलिस ने कहा कि शराब पीकर वाहन न चलाएं, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और कार चलाते समय सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें। वाहनों में प्रेशर हॉर्न और मॉडिफाइड साइलेंसर जैसे अवैध मॉडिफिकेशन का इस्तेमाल न करें। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी प्रकार सख्त वैधानिक कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# अवैध कट बंद कराया, अब राष्ट्रीय राजमार्ग 34 पर नहीं रहेगा हादसों का ख़तरा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** पुलिस अधीक्षक बिजनौर के कुशल निर्देशन में यातायात पुलिस ने सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए बड़ी कार्रवाई की है। यातायात पुलिस, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) विभाग और स्थानीय पुलिस के सहयोग से जनपद बिजनौर में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-34 पर ग्राम मोचीपुर के सामने बने अवैध कट को बंद करा दिया गया है। पुलिस के अनुसार वर्तमान समय में जनपद बिजनौर स्थित राष्ट्रीय राजमार्गों पर कोई अवैध कट संचालित नहीं है। यातायात पुलिस ने आमजन से यातायात नियमों का पूरी तरह पालन करने की अपील की है। पुलिस ने वाहन चालकों से गलत दिशा में वाहन न चलाने, निर्धारित गति सीमा से अधिक तेज वाहन न चलाने और शराब पीकर वाहन न चलाने की अपील की है। साथ ही दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने और कार चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करने की हिदायत दी गई है। पुलिस ने वाहन स्वामियों से अपने वाहनों में किसी भी प्रकार का अवैध मॉडिफिकेशन, जैसे प्रेशर हॉर्न अथवा मॉडिफाइड साइलेंसर का प्रयोग न करने की भी अपील की है। यातायात पुलिस ने कहा कि नियमों का पालन कर सड़क दुर्घटनाओं को रोकने में आमजन की महत्वपूर्ण भूमिका है।

# धर्मेन्द्र प्रधान को बर्खास्त करने की मांग

## किसान सभा ने थानाध्यक्ष को सौंपा राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन

**नांगल सोती ( चिंगारी )। अखिल भारतीय किसान सभा मंडल नजीबाबाद के प्रतिनिधिमंडल ने थाने पहुंचकर राष्ट्रपति को संबोधित 7 सूत्रीय मांग-पत्र जिलाधिकारी के माध्यम से भिजवाये जाने को थानाध्यक्ष अन्नू कुमारी को सौंपा।**

ज्ञापन में कहा गया है कि देश में लगातार हो रहे पेपर लीक, नई शिक्षा नीति, परीक्षाओं में धांधली के विरोध में दिल्ली में जंतर-मंतर पर छात्र, युवा आंदोलनरत हैं, लेकिन अहंकारी सरकार उनकी बात नहीं सुन रही है। छात्रों का बर्बरतापूर्वक दमन किया गया।

ज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रपति से केंद्रीय शिक्षामंत्री धर्मेन्द्र प्रधान को बर्खास्त किये जाने, परीक्षायें करा रही संस्था एन.टी.ए. को बंद किये जाने, नई शिक्षा नीति को वापस लेने, छात्रों पर किये गये बर्बर लाठीचार्ज, दमन की न्यायिक जांच कराये जाने, पेपर लीक पर रोक लगाकर परीक्षाओं की विश्वसनीयता को बचाये रखने, नीट पेपर लीक प्रकरण में आत्महत्या करने वाले छात्रों के परिवारों को मुआवजा दिये जाने तथा पेपर लीक में एन.टी.ए. की भूमिका की जांच कराये जाने की मांगें की गई हैं। ज्ञापन सौंपने वालों में मंडल अध्यक्ष संदीप कुमार, संतराम सिंह, तौसीफुल हसन, पवन सिंह मौजूद रहे।



# ओमवती देवी अग्रवाल : उम्र 106 साल, सेहत व उत्साह बेमिसाल



## 90 + प्लस

प्रस्तुति - नितिन कौशिक

**बिजनौर (चिंगारी)।** समय बदलता है, पीढ़ियां बदल जाती हैं, लेकिन कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं जो स्वयं इतिहास का जीवंत अध्याय बन जाते हैं। वर्ष 1920 में बिजनौर की पावन धरती पर जन्मीं 106 वर्षीय ओमवती देवी अग्रवाल ऐसी ही एक प्रेरणादायी शख्सियत हैं। उनका जीवन केवल लंबी आयु का उदाहरण नहीं, बल्कि भारत के सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक इतिहास का सजीव दस्तावेज़ भी है। उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत का दौर देखा, स्वतंत्रता संग्राम की गूंज सुनी, 15 अगस्त 1947 का ऐतिहासिक सूर्योदय देखा और आज डिजिटल युग के भारत को भी अपनी आंखों से देख रही हैं। उनके जीवन की यात्रा लगभग पूरे एक शताब्दी के भारत के परिवर्तन की कहानी अपने भीतर समेटे हुए है। बैलगाड़ी से लेकर बुलेट ट्रेन की योजनाओं तक, लालटेन से लेकर एलईडी तक, चिट्ठियों से लेकर मोबाइल फोन और इंटरनेट तक उन्होंने हर परिवर्तन को बेहद करीब से महसूस किया है। उनका अनुभव केवल उनके परिवार की धरोहर नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

करीब 16 वर्ष की आयु में उनका विवाह माहेश्वरी जट निवासी ओमप्रकाश अग्रवाल से हुआ था। उस समय समाज की परिस्थितियां आज से बिल्कुल भिन्न थीं। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने परिवार को संस्कार, मेहनत और ईमानदारी के साथ आगे बढ़ाया।

> ओमवती देवी अग्रवाल का जीवन हमें यह भी सिखाता है कि समय चाहे कितना भी बदल जाए परिवार, संस्कार, शिक्षा, सेवा और देशप्रेम जैसे मूल्य कभी पुराने नहीं होते। वह आज केवल अपने परिवार की सबसे बुजुर्ग सदस्य नहीं हैं बल्कि बिजनौर की ऐसी जीवित विरासत हैं जिनके अनुभव आने वाली पीढ़ियों के लिए इतिहास की अमूल्य धरोहर हैं।



पोते और पड़पोती के साथ विधानसभा चुनाव 2022 में मतदान के लिए जाते हुए।

उन्होंने अपने बच्चों को अच्छे संस्कार दिए और 1975 में पति की मृत्यु के बाद कठिन परिस्थितियों में भी परिवार को मजबूती से संभाला। उनके 10 बच्चे हुए, जिनमें तीन पुत्र और सात पुत्रियां शामिल हैं। उनके पुत्रों में बिजनौर के प्रसिद्ध समाजसेवी एवं ट्रांसपोर्टर रहे राममोहन अग्रवाल व महेश अग्रवाल का निधन हो चुका है। जबकि उनके एक पुत्र सुरेश अग्रवाल वर्तमान में बिजनौर के चक्कर रोड रेलवे क्रॉसिंग के समीप निवास करते हैं। ओमवती देवी अपने जीवन का एक अत्यंत गौरवपूर्ण प्रसंग साझा करते हुए बताती हैं कि उन्हें राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से मिलने का अवसर प्राप्त हुआ था। आज भी वह उस मुलाकात को अपने जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धियों में गिनती हैं। उनके चेहरे पर उस स्मृति का उल्लेख करते ही अलग ही चमक दिखाई देती है। उनका कहना है कि गांधीजी का सादगीपूर्ण व्यक्तित्व और देशभक्ति का संदेश आज भी उनके मन में उसी प्रकार जीवित है। शिक्षा के प्रति उनकी लगन भी बचपन से ही उल्लेखनीय रही। उस समय जब बेटियों की पढ़ाई पर बहुत कम ध्यान दिया जाता था, तब उन्होंने आठवीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर छात्रवृत्ति (वजीफा) प्राप्त किया। यह सम्मान उन्हें अमेरिका से आई एक महिला द्वारा प्रदान किया गया था। उस दौर में किसी छात्रा को इस प्रकार सम्मानित किया जाना अपने आप में बड़ी उपलब्धि थी और यह उनकी प्रतिभा का प्रमाण भी है।



### इस उम्र में भी सजने-संवरने का शौक

**उम्र के इस पड़ाव पर भी उनका जीवन के प्रति उत्साह कम नहीं हुआ है। उन्हें आज भी सजने-संवरने का विशेष शौक है। वे साफ-सुथरे और सलीकेदार रहन-सहन को जीवन का हिस्सा मानती हैं। परिवार के लोग बताते हैं कि वे आज भी प्रसन्नचित्त रहती हैं और नई पीढ़ी को सकारात्मक सोच, अनुशासन तथा पारिवारिक मूल्यों का महत्व समझाती रहती हैं।**

### निरोगी काया, कभी चश्मा नहीं लगाया

ओमवती देवी अग्रवाल की सेहत आज भी उनकी उम्र को मात देती दिखाई देती है। 106 वर्ष की आयु में भी उन्हें किसी प्रकार का कोई रोग नहीं है। सबसे आश्चर्यजनक बात यह है कि उन्हें आज तक चश्मा लगाने की आवश्यकता भी नहीं पड़ी। उनकी सक्रिय दिनचर्या, सकारात्मक सोच, संतुलित जीवनशैली और सादा खान-पान आज भी उन्हें ऊर्जावान बनाए हुए है। कुछ समय पूर्व घर में फिसल जाने के कारण उनके कूल्हे की हड्डी में फ्रैक्चर आ गया था, जिसके चलते वर्तमान में वह बेड रेस्ट पर हैं।

# मेरा नाम करेगा रोशन...

**स्योहारा (चिंगारी)।** अपने बच्चों के सपने साकार करने के प्रयासों में लगे अभिभावकों का कहना है कि वह अपने बच्चों की खुशी के लिए कार्य कर रहे हैं। वह उन्हें पढ़ा-लिखाकर उस मुकाम तक पहुंचाएगे, जहां दुनिया कहेगी कि माता-पिता का नाम रौशन किया है। मोहल्ला हिंदू चौधरियान निवासी तवलीन कौर व सरदार गुरविंदर सिंह उर्फ ऐनी का 5 वर्षीय पुत्र सरदार हरजुगत सिंह गोल्डन बैल्स स्कूल में यूकेजी का छात्र है। माता-पिता हरजुगत सिंह को आईएएस बनाना चाहते हैं। सरदार गुरविंदर सिंह का कहना है कि जब वह जिलाधिकारी जसजीत कौर से मिले थे, तब से ही अपने बेटे को आईएएस बनाने का मन बना लिया है।



मोहल्ला चंचलपुरियान शिवाजी मार्केट निवासी शिवानी व नमन रस्तौगी की 5 वर्षीय पुत्री सांनवी गोल्डन बैल्स में कक्षा एलकेजी की छात्रा है। अभिभावकों का कहना वह उसे शिक्षा देकर संस्कारी पुत्री बनाना चाहते हैं। जब तक वह पढ़ेगी उसे पढ़ाएंगे।

मोहल्ला पीर का बाजार निवासी नेहा वर्मा व प्रियांशु वर्मा का 8 वर्षीय पुत्र युवराज गोल्डन बैल्स स्कूल में कक्षा 2 का छात्र है। अभिभावकों का कहना है कि वह अपने पुत्र को राष्ट्रहित के लिए कार्य करने के लिए प्रेरित करेंगे। मोहल्ला मिल्कियान निवासी शबाना खान व रियाजुलहक की 9 वर्षीय पुत्री अनुशा फ़ात्मा गोल्डन बैल्स स्कूल में कक्षा 3 की छात्रा है। अभिभावकों का कहना है कि वह उसे चिकित्सक बनाना चाहते हैं। देश की सेवा में बेटी को योगदान करते देखना चाहते हैं।

**प्रस्तुति : अश्मनी विश्नोई**

**नांगल सोती (चिंगारी)।** मां-बाप जीवनपर्यंत अपने बच्चों की उन्नति और सुखद भविष्य के लिये सपने देखते हैं तथा उन सपनों को पूरा करने के लिये हरसंभव प्रयास करते हैं। हर मां-बाप का सपना होता है कि उनकी संतान निरंतर उन्नति के पथ पर अग्रसर होते हुए न सिर्फ अपना, बल्कि उनका भी नाम रोशन करें। आइये देखते हैं कुछ मां-बाप अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिये क्या सपने देख रहे हैं। नांगल निवासी डोली और सोनू कुमार का छोटा पुत्र अरनव कुमार कक्षा 3 का और युग कुमार कक्षा 5 का छात्र है। दोनों संस्कार पब्लिक स्कूल नांगल में पढ़ते हैं। सोनू कुमार का कहना है कि उनका सपना दोनों बच्चों को कुछ भी बनाने से पहले संस्कारवान, सच्चे और अच्छे इंसान बनाना है। वे वैदिक धर्म का पालन करने वाले हों तथा उनके अंदर परोपकार की भावना हो।



अरनव कुमार



युग कुमार

नांगल निवासी पूजा अग्रवाल एवं विशाल अग्रवाल का पुत्र रुद्राक्ष अग्रवाल एमडी इंटरनेशनल स्कूल बिजनौर में कक्षा 9 का छात्र है। विशाल अग्रवाल का कहना है कि उन्होंने अपने बेटे के लिये कोई फील्ड निर्धारित नहीं किया है। लेकिन वे चाहते हैं कि उनका बेटा जिस फील्ड में भी जाये, वहां एक सफल इंसान बने। चिंगारी इन माता - पिता के सपनों के पूरे होने की कामना करता है।



रुद्राक्ष अग्रवाल

**प्रस्तुति- रुकन राजपूत**

# पुलिस ने किसान नेता चौधरी वीर सिंह सहरावत को उनके घर में नज़रबंद किया

नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति ने केंद्र व प्रदेश सरकार पर किसानों, मज़दूरों व छात्रों के आंदोलनों को दमनकारी नीतियों के माध्यम से दबाने का प्रयास किये जाने की निंदा की है। इसी क्रम में पिछले दो दिनों से भाकियू लोकशक्ति के जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत, राष्ट्रीय महासचिव चौ. पदम सिंह सहित संगठन के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों के आवासों पर पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही है। नांगल थानाध्यक्ष श्रीमती अनु कुमारी ने पुलिस बल के साथ जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत के आवास पर पहुंचकर उनसे दिल्ली न जाने की अपील की। इसके बाद उन्हें उनके आवास पर ही नजरबंद रखा गया। परिस्थितियों को देखते हुए जिलाध्यक्ष ने फिलहाल दिल्ली जाने का कार्यक्रम स्थगित कर दिया है। इस मौके पर मुख्य रूप से जिला मीडिया प्रभारी डॉ. अरूण कुमार, युवा ब्लॉक अध्यक्ष नितिन ललेरा, युवा ब्लाक प्रभारी आशीष मोदी, युवा जिला महासचिव अभिनव चौधरी, कपिल चौधरी, हर्षित दत्त, दीशु चौधरी, ललित कुमार, हिमांशु सहरावत, विशाल चौधरी आदि मौजूद रहे।



# डिवाइडर पर फिर चढ़ी कार, हादसे का हुई शिकार

नजीबाबाद (चिंगारी)। बीती रात नगर के बिहारी के चौराहे के समीप फ्लाईओवर पर बने डिवाइडर पर अचानक एक कार अनियंत्रित होकर चढ़ने से गंभीर हादसा होने से टल गया। घटना में चालक के मामूली चोट लगी तथा कार क्षतिग्रस्त हो गई। बीती रात करीब दस बजे डबल फाटक फ्लाईओवर के समीप बिहारी के चौराहे के पास अचानक एक कार डिवाडर पर चढ़ गई। बाद में कार को क्रेन बुलाकर किसी तरह से डिवाइडर से निकाला गया। इससे पूर्व भी गलत ढंग से बने इस डिवाइडर पर कई वाहन चढ़ने से हादसे हो चुके है। मगर संबंधित विभाग इस डिवाइडर को सही कराने के लिए तैयार नहीं है।



# वनविभाग ने कांवड़ मार्ग पर लगाए पोस्टर बैनर

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। वन विभाग की टीम के द्वारा गुलदार प्रभावित क्षेत्र में कांवड़ियों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए जागरूक करने के लिए कांवड़ मार्ग पर बैनर- पोस्टर लगाए। बैनर लगाने के साथ क्षेत्र के ग्रामीणों को भी जागरूक किया गया। वन दरोगा परशुराम ने बताया कि कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए वन विभाग की टीम अलर्ट है। जागरूकता के लिए बैनर लगाये जा रहे है। वन विभाग की टीम द्वारा गश्त कर जंगली जानवरों पर निगरानी रहेगी। गुलदार प्रभावित क्षेत्र में गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरे भी लगाए गए है।




# एसडीएम व सीओ ने कांवड़ मार्ग का निरीक्षण किया

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। आगामी श्रावण मास की कांवड़ यात्रा को लेकर शासन-प्रशासन अलर्ट है। कांवड़ यात्रा को सुगम बनाने के लिए उच्चाधिकारियों द्वारा सभी गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। नजीबाबाद एसडीएम शैलेंद्र कुमार, सीओ आकांक्षा गौतम ने मंडावली क्षेत्र के मोटा महादेव मंदिर, कांवड़ मार्ग का निरीक्षण करते हुए की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। दोनों अधिकारियों ने कांवड़ मार्ग पर पड़ने वाली शराब की दुकानों का भी निरीक्षण किया। कांवड़ मार्ग पर सीसीटीवी कैमरे, सुरक्षा व्यवस्था, सफाई व्यवस्था आदि को सुचारू रूप से करने के लिए दिशा निर्देश दिए।

## किसान सभा ने शिक्षा व्यवस्था में सुधार व पेपर लीक की निष्पक्ष जांच को ज्ञापन सौंपा

नजीबाबाद (चिंगारी)। अखिल भारतीय किसान सभा, क्षेत्र नजीबाबाद के पदाधिकारियों ने छात्र-युवा आंदोलन पर हुए कथित दमन के विरोध में राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में छात्र-युवाओं के आंदोलन पर हुई कार्रवाई की निष्पक्ष जांच कराने के साथ शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि नई शिक्षा नीति, एनटीए की परीक्षाओं के परिणाम, पेपर लीक व विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के विरोध में छात्र युवा शांतिपूर्ण ढंग से अपनी आवाज उठा रहे हैं। संगठन का आरोप है कि आंदोलनरत छात्रों पर बल प्रयोग किया गया, जिसकी निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए। किसान सभा ने ज्ञापन के माध्यम से केंद्रीय शिक्षा मंत्री को पद से हटाने, एनटीए को भंग करने, नई शिक्षा नीति वापस लेने, छात्र-युवा आंदोलन पर हुए पुलिस दमन की न्यायिक जांच कराने तथा परीक्षा प्रणाली को पारदर्शी बनाकर पेपर लीक पर रोक लगाने की मांग की। साथ ही पेपर लीक से प्रभावित अभ्यर्थियों के परिवारों को उचित मुआवजा देने और एनटीए की कार्यप्रणाली की निष्पक्ष जांच कराने की भी मांग उठाई। ज्ञापन देने वालों में का. तिलकराम, इसरार अहमद, मुस्तकीम, सुहेल, उस्मान, अकील अहमद, अनीस, शमशेर, आदेश कुमार, अलाउद्दीन, लईक अहमद, नवाब, यामीन, यूसुफ आदि शामिल रहे।

# डीएम से की मिड-डे-मील का भुगतान कराने की मांग

नजीबाबाद (चिंगारी)। ग्राम श्यामीवाला के प्रधान फैजू अंसारी ने डीएम को भेजी शिकायत में दो सरकारी स्कूलों द्वारा मिड-डे-मील के खाने का भुगतान न करने का आरोप लगाते हुए मामले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है। प्रधान ने शिकायत में कहा है कि उन्होंने गांव के प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालय में मिड-डे-मील की खाद्य सामग्री दी थी। जिसमें उनका कई महीनों को भुगतान बाकी है। इसी बीच बीईओ ने मई माह में स्कूल का मेनका मेम को प्रधानाचार्या बना दिया। उन्होंने उनसे नया खाता ट्रांसफर कराने के लिए आईडी ली थी, लेकिन अभी तक कोई खाता नहीं खुलवाया गया है। जबकि अप्रैल महीने में विद्यालय की प्रधानाचार्या शालनी मेम, हेड टीचर रचना मेम थी। प्रधान का कहना है कि शालनी के बाद रचना को प्रधानाचार्या बनाना चाहिए था। मगर बीईओ ने मेनका को प्रधानाचार्या बना दिया। शालनी से पहले मेनका मेम प्रधानाचार्या थी प्रधान का आरोप है कि मेनका ने इस दौरान एक किचन वाली के नाम फर्जी चेक बनाकर पैसे निकलवा लिये थे। यह भी आरोप है कि बीईओ व मेनका की मिलीभगत होने के कारण बीईओ ने फिर से मेनका को प्रधानाचार्या बना दिया है। शालनी के बाद हेड टीचर रचना को बनाया जाना चाहिए था, लेकिन उन्हें नहीं बनाया गया। प्रधान ने डीएम से मामले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की। इस मामले में बीईओ राजमोहन ने प्रधान के आरोप निराधार बताते हुए उनके मिड-डे-मील के भुगतान की प्रक्रिया प्रधानाचार्या के बीमार होने के कारण देर से होने तथा अब जल्दी ही भुगतान होने की जानकारी दी है। साथ ही मेनका को प्रधानाचार्या उनकी सहमति से बनाने की बात कही। उधर जब इस संबंध में बीएसए सचिन कसाना ने बात की गई तो उन्होंने बताया कि यह मामला उनके संज्ञान में नहीं है, अगर ऐसी कोई शिकायत आएगी तो वह इसके लिए कमेटी बनाकर मामले की जांच के बाद कार्रवाई करेंगे।

धमाका धमाका धमाका

पुरानी के बदले नयी केवल आधे पैसों में

कोई भी कान की पुरानी मशीन
कमर की कोई भी पुरानी बैल्ट (दर्द के लिए या ऑप्रेशन के बाद)
कोई भी Knee Cap (घुटनों पर चढ़ाने वाली पट्टी)

कोई भी शुगर चैक करने की पुरानी मशीन लायें और नई ले जायें

हमारें यहाँ बड़े व्यक्तियों के लिए डायपर (Adult Diapper) लेटरिन कुर्सी, स्टूल व पोट, यूरिन पोट, व्हील चेयर, बैसाखी, वॉकर, सिकाई करने वाली बोतल, गरम पट्टी (Crape Bandage), Knee Cap, बेल्ट कमर दर्द के लिए, कॉलर, गले के लिए, Dextrose की बोतल, ऑप्रेशन के बाद बंधने वाली बेल्ट, हरनिया बेल्ट, Anti Dandruff Shampoo, Hand Sanitizer, हाथ धोने के लिए (Cotton, Bandage, Glycerin), मरीजों के लिए (Air Bed, Water Bed) आदि सभी सर्जिकल सामान थोक के उचित मूल्यों पर मिलते है। **पुरानी मशीन की रिपेयर भी होती है।**

गोयल मेडिकल स्टोर
नवयुग मार्केट, निकट रोहित होटल, बिजनौर
फोन - 9411012482, 8273387326
नौकरी के लिये युवक-युवतियां सम्पर्क करें।

मिर्गी दौरे

(मिर्गी के लक्षण)
1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना





डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S.,
Member of Indian Psychiatry Association



(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)
1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में

मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने,
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423

# अधिकारियों ने किया कांवड़ यात्रा मार्ग का निरीक्षण

**स्योहारा ( चिंगारी )।** आगामी श्रावण कांवड़ यात्रा को लेकर एडीएम प्रशासन, एसपी पूर्वी, सीओ ने संयुक्त रूप से कांवड़ यात्रा मार्ग, नगर पालिका कार्यालय और गौशाला का निरीक्षण किया।

एडीएम प्रशासन आंशिका दीक्षित, एसपी पूर्वी अमित कुमार श्रीवास्तव, सीओ डा. अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने कांवड़ मार्ग का निरीक्षण किया। एडीएम ने ग्राम मंडोरी रोड स्थित नगर पालिका परिषद के अंतर्गत आने वाली गौशाला का भी निरीक्षण किया। इस दौरान पालिका अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल, चेयरमैन फैसल वारसी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कांवड़ियों के लिए प्रस्तावित रूट, सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और अन्य आवश्यक सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं समय से पूरी करने और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। प्रशासन का उद्देश्य है कि कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और यात्रा पूरी तरह सुरक्षित, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो। इस दौरान थाना अध्यक्ष संजय कुमार तोमर, एसएसआई सुरजीत सिंह, प्रधान लिपिक देवेंद्र सिंह, लिपिक मोहम्मद शान, एसआई राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।



# आरजेपी कॉलेज में मनाया गया कुंवर उदयन वीरा का जन्मदिन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज के स्टाफ ने शुक्रवार को प्रबंधक कुंवर उदयन वीरा का जन्मदिन उत्साहपूर्वक मनाया। इस अवसर पर विद्यालय के कला कक्ष में रेडियो 89.6 की सचिव एवं केपीएस इंटर कॉलेज की प्रबंधक स्वाति वीरा महाजन ने केक काटा। प्रबंध समिति सदस्य प्रवीन गुप्ता, प्रधानाचार्य गय्यूर आसिफ़ पूर्व प्रधानाचार्य बिशन लाल, सुनील भारद्वाज सहित समस्त स्टाफ ने अपने प्रबंधक को शुभकामनाएं देते हुए उनकी दीर्घायु की कामना की।



विद्यालय के प्रधानाचार्य गय्यूर आसिफ़ ने अपने संबोधन में कहा कि कुंवर उदयन वीरा गरीब क्षेत्र से आने वाले छात्रों की शिक्षा एवं दीक्षा के प्रति बेहद संवेदनशील हैं तथा निरंतर विद्यालय की समस्त गतिविधियों पर दृष्टि रखते हैं। समय-समय पर छात्रों के अभिभावकों को बुलवाकर अनुशासन में सहयोग करने हेतु प्रधानाचार्य एवं स्टाफ को प्रेरित करते रहते हैं। विद्यालय में उत्कृष्ट अनुशासन श्रेष्ठ शिक्षण व्यवस्था तथा बेहतर शिक्षक अभिभावक समन्वय प्रबंधक उदयन वीरा के निरंतर निर्देशित करने का ही परिणाम है।

मुख्य अतिथि स्वाति वीरा ने कहा कि उनके पिताजी के जन्मदिन के अवसर पर यह भव्य आयोजन कर विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों ने उनके प्रति जो श्रद्धा एवं सम्मान का भाव प्रकट किया है वह अमूल्य है। कार्यक्रम में सुधीर कुमार, सुभाष बाबू,नरेंद्र सिंह, सुनील बाबू, मोहम्मद अनस, तेजपाल सिंह, विनोद यादव, रश्मि चौहान, अलका रानी, प्रमोद चौहान, छवि गर्ग, पुष्पेंद्र कुमार, विनीत गहलोत, प्रदीप कुमार, लक्षेश कुमार, साकिब सामी, अशोक कुमार, कर्मेंद्र कुमार, अनुज त्यागी, विपिन कुमार, मुख्य लिपिक राजेंद्र कुमार, निर्मला देवी आदि समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# 'अग्निवीर' पर फायर करने वाले नहीं पकड़े गये

**नहटौर ( चिंगारी )। पांच दिन पूर्व अज्ञात बाइक सवारों द्वारा अग्निवीर एवं उसके साथियों पर फायरिंग करने के मामले में पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। भागते समय आरोपियों का एक मोबाइल भी मौके पर ही गिर गया था।**

19 जुलाई की रात्रि करीब 9 बजे ग्राम माहू नगली निवासी राजदेव पुत्र राजवीर सिंह जो भारतीय सेना में 'अग्निवीर' के पद पर)पंजाब में कार्यरत है। अपने साथी के साथ कार से घर जा रहा था। आरोप है कि ग्राम आकू के पास बाइक सवार दो युवकों ने राजदेव और उसके साथी से माचिस मांगी। इसके बाद उन्होंने कार की चाबी मांगनी शुरू कर दी। चाबी देने से इनकार करने पर बाइक सवार एक बदमाश ने तमंचा दिखाकर धमकी देते हुए फायर कर दिया। कार सवारों के शोर मचाने पर अन्य लोगों को आता देख बाइक सवार दोनों बदमाश भाग खड़े हुए। भागते हुए एक आरोपी का मोबाइल भी मौके पर ही गिर गया। अग्निवीर ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए मोबाइल सौंप दिया। पुलिस ने बताया मामले में शिकायत मिली है। फायरिंग के आरोपियों की जांच की जा रही है।

# चल रही गुरु पूर्णिमा की तैयारी जायजा लेने पहुंचे थाना प्रभारी



**नहटौर ( चिंगारी )। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरुगद्दी दरबार फुलसंदा में 27 से 29 जुलाई तक आयोजित होने वाले तीन दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव के लिये प्रभारी निरीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था देखी। कार्यक्रम में 27 जुलाई से उत्तर प्रदेश समेत विभिन्न राज्यों से श्रद्धालुओं का आगमन होगा। शुक्रवार को नहटौर प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार सिंह पुलिस बल के साथ फुलसंदा आश्रम में पहुंचे। उन्होंने आश्रम परिसर में श्रद्धालुओं के ठहरने, भोजन, पेयजल, पार्किंग, सफाई और प्रकाश व्यवस्था आदि की समीक्षा की। आश्रम के व्यवस्थापक अग्नि देवता ने बताया कि 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के दिन गुरु पूजन एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।**

# व्यापारी सम्मेलन की समीक्षा की



नीतू अग्रवाल को मोमेंटो भेंट करते हुए पदाधिकारी।

**बिजनौर ( चिंगारी )।** व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान बिजनौर की मासिक बैठक संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजकुमार गोयल एवं संचालन जिला महामंत्री खगेश कुमार शर्मा ने किया। बैठक में गत जून माह में हुए व्यापारी सम्मेलन की समीक्षा की गई और आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा हुई। जिला अध्यक्ष राजकुमार गोयल व्यापारियों की एकता पर जोर दिया। जिला अध्यक्ष द्वारा आर.के. अहलावत को बिजनौर नगर अध्यक्ष मनोनीत किया गया। श्रीमती नीतू अग्रवाल प्रदेश उपाध्यक्ष का मोमेंटो देकर स्वागत किया गया। बैठक में संजीव चौधरी जिला उपाध्यक्ष, अजय फौजी जिला मीडिया प्रभारी, प्रदीप अग्रवाल संगठन मंत्री, अरविंद ठाकुर, कोषाध्यक्ष विनीत चौधरी, सुभाष चंद्र तोमर, संजू शर्मा जिला मंत्री, राहुल राणा, अंकुर भारद्वाज, सोनू सिंह, सुशील कुमार, राहुल धीमान आदि उपस्थित रहे।

# कांग्रेस ने नज़रबंदी को लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताया

## जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** शहर कांग्रेस कमेटी, बिजनौर के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर शहर कांग्रेस अध्यक्ष हुमायूं बेग तथा सेवा दल अध्यक्ष अफ़जल कुरैशी सहित कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं की गलत नजरबंदी पर कड़ा विरोध दर्ज कराया। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि बिना किसी वैधानिक आदेश अथवा विधिक प्रक्रिया के किसी नागरिक की स्वतंत्रता पर अंकुश लगाना संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है तथा यह लोकतांत्रिक व्यवस्था की मूल भावना के विपरीत है।

कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी से मांग की कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए, भविष्य में किसी भी राजनीतिक दल के कार्यकर्ताओं के साथ इस प्रकार की कार्रवाई न की जाए तथा सभी नागरिकों के संवैधानिक एवं लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की जाए।



इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी मुनीश त्यागी, नज़ाकत अल्वी, शहर उपाध्यक्ष शारिक अली, शहर महासचिव मौ. हनीफ़ एवं जाफर हसनैन, वरिष्ठ कांग्रेसी अब्दुल समद आज़ाद, त्रिलोकचंद्र शर्मा सहित अनेक कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मांग में सिंदूर, गले में मंगलसूत्र पहनकर थाने पहुंची प्रेमिका

## बोली- प्रेमी से मंदिर में शादी कर ली

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** क्षेत्र के एक ग्राम से कथित रूप से अपहृत युवती शुक्रवार को स्वयं थाने पहुंच गई। मांग में सिंदूर भरकर पहुंची युवती ने बताया कि उसने अपने प्रेमी (कथित अपहरणकर्ता) से शादी कर ली है तथा वह उसी के साथ रहेगी। पुलिस ने युवती के न्यायालय में बयान दर्ज कराकर उसे उसके प्रेमी के परिजनों की सुपुर्दगी में दे दिया।

नांगल थाना क्षेत्र के एक ग्राम निवासी व्यक्ति ने 21 जुलाई को पुलिस को दिये प्रार्थना-पत्र में कहा था कि उसकी पुत्री को विगत 19 जुलाई की अर्द्धरात्रि में अमन पुत्र मांगेराम निवासी ग्राम रंजीतपुर (उत्तराखंड) अपने साथी मनोज के सहयोग से बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। पिता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने 21 जुलाई को देर शाम आरोपियों अमन तथा मनोज के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया था।

शुक्रवार की दोपहर युवती स्वयं ही थाने पहुंच गई। थाने पहुंची युवती ने अपने परिजनों से बात करने से दोटूक इंकार कर दिया। विवेचक, उपनिरीक्षक अफजाल खां के अनुसार युवती ने बताया कि उसने अपने प्रेमी अमन के साथ हरिद्वार के संत शिरोमणि रविदास मंदिर में शादी कर ली है। अब वह उसी के साथ रहेगी। युवती मांग में सिंदूर भरकर तथा मंगलसूत्र पहनकर थाने पहुंची थी। उसने अपने माता-पिता व अन्य परिजनों से दोटूक कह दिया कि उसका अब उनसे कोई वास्ता नहीं है। युवती के परिजन रोते-बिलखते रह गये। पुलिस ने बिजनौर में युवती का चिकित्सकीय परीक्षण कराकर न्यायालय में उसके बयान दर्ज कराये। विवेचक अफजाल खां ने बताया कि न्यायालय के सम्मुख युवती ने अपने प्रेमी / पति के साथ ही रहने की इच्छा व्यक्त की। न्यायालय के आदेश पर युवती को उसके प्रेमी / पति के परिजनों की सुपुर्दगी में दे दिया गया है।

# कण्व आश्रम में लगाये गये पीपल और बरगद के पौधे



**बिजनौर ( चिंगारी )। भारतीय किसान यूनियन ( अराजनीतिक ) ने हरियाली से खुशहाली वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत महर्षि कण्व आश्रम में पौधारोपण किया। किसानों ने पीपल और बरगद सहित अन्य प्रजातियों के पौधे लगाए तथा पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया।**

भाकियू अराजनीतिक ने 1123 ग्राम पंचायतों में पौधारोपण करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। ग्राम पंचायतों में पीपल और बरगद के पौधे लगाए जाएंगे। पौधे लगाने तक अभियान सीमित नहीं रहेगा, एक-एक पौधे का संरक्षण होगा और पौधे के बड़ा होने तक की जिम्मेदारी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को सौंपी जाएगी। दिगम्बर सिंह ने कहा कि किसानों की समस्याओं के साथ अब पर्यावरण और मृदा को बचाना है। इस अवसर पर शिवम चौधरी, राकेश प्रधान, जमील प्रधान, अशरफ प्रधान, चंपत सिंह, तहसील अध्यक्ष राकेश प्रधान, अशोक सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष समरपाल सिंह, नगर अध्यक्ष शुभम चौधरी, डैनी, रूबल, नदीम, कपिल सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रास्ते के विवाद को लेकर हत्या करने वाले पिता-पुत्र को आजीवन कारावास

## कोर्ट ने दूसरे पक्ष को भी सुनाई सजा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रशांत मित्तल ने रास्ते के विवाद में हमला कर गोली मारकर एक व्यक्ति की हत्या करने और कई को घायल करने के मामले में अभियुक्त निगम और उसके पिता नेपाल को आजीवन कारावास और 46 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता आमोद त्यागी और अधिवक्ता मनोज ढाका के अनुसार हरिराज पुत्र रामकुमार निवासी गांव अहरौला थाना चांदपुर ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में लिखा कि 24 मई 2023 को उसका भाई जयकरण और उसके पुत्र केशव और रेशव शाम के समय खेत से आ रहे थे, तभी रास्ते में नेपाल उसके पुत्र निगम ने उन पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। उन्हें बचाने विमलेश, हरिराज का पुत्र सौरभ, पत्नी कमलेश, गौरव आदि आए तो निगम ने जान से मारने की नीयत से सौरभ पर फायर किया। गोली लगने से सौरभ गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर हालत में सौरभ को चिकित्सक के यहां ले गए, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। आरोप लगाया की चिकित्सक के जाते समय रास्ते में निगम, नेपाल और नेपाल की पत्नी कुसुम ने भी हमला किया था।

इस मामले में निगम, नेपाल और कुसुम के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई। विवेचना में पता चला कि दोनों पक्षों में रास्ते को लेकर विवाद चल रहा था। इस मामले में प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रशांत मित्तल ने अपराध सिद्ध होने पर नेपाल और उसके पुत्र निगम को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायाधीश ने साक्ष्य के अभाव में नेपाल की पत्नी कुसुम को बरी कर दिया है। वहीं उक्त मामले में नेपाल के पुत्र शुभम कुमार की ओर से भी न्यायालय में मृतक के परिवार के जयकरण, केशव, रेशव, विमलेश और राजवीर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया, जिसमें आरोप लगाया की उक्त अभियुक्तों से रास्ते को लेकर रंजिश चल रही है। उक्त रंजिश को लेकर 24 मई 2023 को शाम के समय उक्त अभियुक्त उसके घर के अंदर घुस आए और गाली गलौज करते हुए शुभम की मां कुसुम और पिता नेपाल को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस मामले में न्यायाधीश प्रशांत मित्तल ने जयप्रकाश, रेशव, विमलेश, राजवीर और केशव को घर में घुसने का दोषी माना और तीन वर्ष की कैद और एक-एक हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। वहीं केशव पर जानलेवा हमला करने का भी आरोप साबित होने पर उसे पांच वर्ष कठोर कारावास और दस हजार रुपये अर्थदंड की सजा भी सुनाई है।



# चेक बाउंस के मामले में छह माह की सजा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** अतिरिक न्यायालय न्यायाधीश सुंदरलाल ने बैंक खाते में पर्याप्त धनराशि न होने के बावजूद चेक देने और चेक के बाउंस होने के मामले में भाटिया सेल्स के प्रोपराइटर दीपक भाटिया को दोषसिद्ध पाकर छह माह का कारावास और 11.70 लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। न्यायालय ने अर्थदंड की राशि में से 11.40 लाख रुपये वादी को देने और शेष धनराशि राज्य सरकार के खाते में जमा करने के आदेश दिये हैं।

अधिवक्ता विशाल अग्रवाल के अनुसार रचना टायर्स के प्रोपराइटर अजय कुमार बंसल ने भाटिया सेल्स के प्रोपराइटर दीपक भाटिया के खिलाफ न्यायालय में परिवाद दायर किया था। आरोप लगाया कि दोनों के पुराने व्यापारिक संबंध हैं। 15 फरवरी 2021 को दीपक भाटिया ने अजय बंसल से दो लाख रुपये उधार लिए और एक अक्टूबर 2022 से 22 जनवरी 2023 तक लगभग 11 लाख रुपये का माल अजय बंसल से खरीदा, जिससे दीपक भाटिया पर 1015951 रुपये बकाया है। दीपक भाटिया द्वारा बकाया धनराशि के भुगतान के संबंध में अजय बंसल को ढाई-ढाई लाख रुपये के चार चेक दिए गए। अजय बंसल ने उक्त चेक की धनराशि प्राप्त करने के लिए अपने बैंक खाते में जमा किया तो दीपक भाटिया के खाते में पर्याप्त धनराशि न होने कारण चेक बाउंस हो गए। अजय बंसल ने उक्त धनराशि की प्राप्ति के लिए दीपक भाटिया को नोटिस दिया, इसके बावजूद भी उक्त धनराशि का भुगतान नहीं किया गया, तब वादी की ओर से अभियुक्त के विरुद्ध उक्त धनराशि की वसूली के लिए न्यायालय में परिवाद तैयार किया गया। जिस पर सुनवाई करते हुए न्यायाधीश सुंदरलाल ने भाटिया सेल्स के एकल प्रोपराइटर दीपक भाटिया को दोषी पाते हुए उक्त सजा सुनाई है।

# माकपा व किसान सभा ने किया प्रदर्शन

## राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन तहसीलदार को दिया




**चांदपुर ( चिंगारी )।** माकपा व किसान सभा के कार्यकर्ताओं ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर शांतिपूर्वक ढंग से आंदोलन कर रहे छात्रों पर पुलिस द्वारा बर्बरतापूर्वक लाठीचार्ज व आंसू गैस के गोले छोड़े जाने की कड़े शब्दों में भर्त्सना करते हुए शिक्षामंत्री व गृह मंत्री को उनके पदों से हटाये जाने, मृतक छात्रों के परिवार को एक-एक करोड़ रूपए व आंदोलन में घायल होने वाले छात्रों को पांच-पांच लाख रुपए मुआवजे के रूप में दिये जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया तथा राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार को ज्ञापन दिया। शुक्रवार को माकपा व किसान सभा के कार्यकर्ता नगर के मुहल्ला सन्तनगर में का. अमर सिंह सैनी के आवास पर इकट्ठा हुए तथा वहां से नारेबाजी करते हुए बिजनौर रोड होते हुए तहसील पहुंचे तथा प्रदर्शन किया। प्रदर्शन एवं ज्ञापन देने वालों में का. अमर सिंह सैनी, किसान सभा के जिलाध्यक्ष तुलाराम, का. मांगेराम, चन्द्रपाल सिंह, धर्मसिंह, मलखान सिंह, शिवम कुमार, चतर सिंह, परवेन्द्र सिंह, जयपाल सिंह, प्रेम कुमार, कुलदीप कुमार गुप्ता एडवोकेट, छोटे सिंह, रामौतार सिंह, बाबूराम, अमन कुमार, खिलेन्द्र सिंह आदि शामिल थे।

# विदेश में नौकरी का झांसा देकर तीन युवकों से 17 लाख ठगे

**नहटौर ( चिंगारी )। थाना क्षेत्र में विदेश भेजने का झांसा देकर तीन युवकों से 17 लाख रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने फर्जी वीजा, टिकट और अपॉइंटमेंट लेटर देकर युवकों को अपना शिकार बनाया। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई और रकम दिलाने की गुहार लगाई है।**

जानकारी के अनुसार ग्राम महमूदपुर निवासी पीड़ित नूर मोहम्मद ने बताया कि वह विदेश जाकर आजीविका कमाना चाहता था। फोन के माध्यम से उनकी पहचान मो. जीशान से हुई। जीशान ने अपने मामा मो. फरजान और भाई मो. जुबेर के साथ मिलकर विदेश भेजने का कारोबार करने की बात कही। उन्होंने चेक गणराज्य भेजने के लिए प्रति व्यक्ति 7 लाख रुपये का खर्च तय किया था। पीड़ित नूर मोहम्मद, आदिल और मो. फैजान ने अपने पासपोर्ट, आधार कार्ड व पैन कार्ड मो. फरजान को सौंप दिए। इसके बाद आरोपियों ने उन्हें चेक गणराज्य की 'मेट्रोस्ताव' कंपनी का फर्जी ऑफर लेटर और एम्बेसी अपॉइंटमेंट लेटर थमा दिया। पीड़ितों ने अलग-अलग तारीखों पर यूपीआई, बैंक ट्रांसफर, आरटीजीएस और नकद के जरिए कुल 17 लाख रुपये मो. फरजान और जुबेर आलम के खातों में जमा करा दिए। आरोप है कि 5 जनवरी 2026 को आरोपियों ने चेक गणराज्य का फर्जी टिकट मोबाइल पर भेजकर उन्हें दिल्ली एयरपोर्ट बुला लिया। आरोप है कि जब वे एयरपोर्ट पहुंचे, तो वहां न तो मो. फरजान मिला और न ही उनका फोन लगा। व्हाट्सएप पर भेजे गए टिकट और वीजा की जांच कराने पर वे पूरी तरह फर्जी पाए गए। जब उन्होंने विरोध किया तो आरोपियों ने उन्हें बाद में जर्मनी भेजने का नया झांसा दिया। जिसके बाद आरोपियों ने 18 मार्च 2026 को फिर से एक फर्जी अपॉइंटमेंट लेटर भेज दिया तो उन्होंने अपने पैसे वापस मांगे, जिस पर आरोपियों ने उन्हें झूठे मुकदमों में फंसाने और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ितों ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना-पत्र देकर मो. जीशान, मो. फरजान और जुबेर आलम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ितों ने पुलिस से यह भी गुहार लगाई है कि मुख्य आरोपी मो. जीशान इस समय विदेश से आया हुआ है और दोबारा विदेश भागने की फिराक में है, इसलिए उसे तत्काल रोकने की मांग की है।

# विधायक ओम कुमार ने किया विकास प्रदर्शनी का उद्घाटन



विकास प्रदर्शनी का फीता काटते विधायक ओम कुमार।

**नहटौर ( चिंगारी )। धामपुर मार्ग पर आयोजित 'विकास प्रदर्शनी महोत्सव मेला' का क्षेत्रीय विधायक ओम कुमार ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान मेले का माहौल उत्सव जैसा रहा, जहां बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक और व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।**

शुक्रवार की देर शाम मेला प्रांगण में पहुंचे भाजपा विधायक ओम कुमार का मेला कमेटी द्वारा फूलमाला पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर विधायक ने मेले की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह नुमाइश और विकास प्रदर्शनी केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि हमारे क्षेत्र की आर्थिक और सांस्कृतिक प्रगति का प्रतिबिंब है। जब स्थानीय व्यापार फलता-फूलता है, तभी क्षेत्र में वास्तविक खुशहाली आती है। ऐसे आयोजनों से छोटे व्यापारियों और हस्तशिल्पियों को अपने उत्पादों के प्रदर्शन के लिए एक बड़ा मंच मिलता है, जिससे आत्मनिर्भरता को बल मिलता है। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष आकू राकेश सैनी, व्यापारी नेता कपिल शर्मा, मंडल कोषाध्यक्ष राहुल चौधरी, नामित सभासद अंकुश अग्रवाल, महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष डॉ. उर्मिला पाल, भाजपा नेता ज्येश्वीर जोजो, शिवम त्यागी, देवराज चौधरी, कपिलदेव प्रधान, शानू चौधरी, नरेश प्रधान, मेला आयोजक समिति के नरेश कुमार, गौरव कुमार, राजपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# तमंचे और कारतूस के साथ पकड़ा गया विशाल

**मंडावर ( चिंगारी )।** अपराध एवं अवैध शस्त्रों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत मंडावर पुलिस ने एक युवक को तमंचे और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान विशाल पुत्र भोपाल सिंह निवासी अकबरपुर आंगाखेड़ी थाना मंडावर, जनपद बिजनौर के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 315 बोर का तमंचा तथा तीन जिंदा कारतूस बरामद किए गए। इस संबंध में थाना मंडावर पर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की गई। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक मनोज कुमार, हेड कांस्टेबल कपिल तोमर, कांस्टेबल नवीन कुमार एवं कांस्टेबल आकाश तोमर रहे। थाना मंडावर पुलिस का कहना है कि अपराधियों और अवैध शस्त्र रखने वालों के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# शिवांगी और दीक्षा ने किया जिले का नाम रोशन

**नूरपुर ( चिंगारी )।** शुक्रवार को क्षेत्र के गांव गोहावर स्थित लाल बहादुर स्मारक महाविद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय में अध्ययनरत रही छात्रा कुमारी शिवांगी सिंह पुत्री डॉ. धनंजय सिंह ने बिहार पीसीएस की परीक्षा उत्तीर्ण कर 615 वीं रैंक प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। महाविद्यालय की दूसरी छात्रा कुमारी दीक्षा ने आईपीएस की परीक्षा उत्तीर्ण कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। दोनों ही छात्राओं ने स्नातक की परीक्षा एलबीएसएस महाविद्यालय से उत्तीर्ण की। कार्यक्रम का शुभारंभ एलबीएसएस ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के अध्यक्ष कुंवर रवेंद्र कुमार चौहान ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि एक माध्यम वर्गीय परिवार की दोनों छात्राओं ने कड़ी मेहनत और मजबूत इरादों के साथ शिक्षा हासिल कर एक अच्छा मुकाम हासिल किया है। उन्होंने यह साबित कर दिया है कि बेटी, मां-बाप पर बोझ नहीं होती, बल्कि मां-बाप का मान होती है। कार्यक्रम में कुमारी शिवांगी ने अपने विचार प्रस्तुत कर छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. हरीश कुमार ने किया। कुंवर रवेंद्र कुमार ने कुमारी शिवांगी को शील्ड भेंट कर समानित किया। प्रबंध समिति के सदस्य कुंवर अर्नव सिंह ने कुमारी दीक्षा को समानित किया। कार्यक्रम में डॉ. महेश कुमार, डा. जीएस कश्यप, डा. उदयवीर सिंह, डॉ. नृपेंद्र शर्मा, डॉ. सविता रानी, डॉ. गायत्री देवी व महाविद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



छात्रा को सम्मानित करते कुंवर रवेन्द्र सिंह।

# कपड़े धोते समय वाशिंग मशीन में लगी भीषण आग

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** कपड़े धोते समय वाशिंग मशीन में अचानक लगी आग से घर में अफ़रा-तफ़री मंच गई। क्षेत्र के ग्राम गोवर्धनपुर उर्फ नाबका के ग्राम प्रधान मुस्तकीम मलिक की पत्नी गत दिवस अपने घर में बरामदे के बाहर रखी वाशिंग मशीन में कपड़े धो रही थी कि वाशिंग मशीन में अचानक आग लग गई। तेज आवाज के साथ उठी आग की लपटें इतनी ऊंची थीं कि लेंटर में बने जाल पर रखी पन्नी भी जल गई। जब तक आग पर काबू पाया गया तब तक वाशिंग मशीन और कीमती कपड़े जलकर राख हो गए। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ।



वाशिंग मशीन में उठती आग की लपटें।

# बाबा के आश्रम से सौर उर्जा का बैटरा चोरी



**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )। कोतवाली अफजलगढ़ क्षेत्र के ग्राम गढ़वावाला में सेवादार आत्माराम जी महाराज की अनुपस्थिति में बाबा लक्ष्मीदास-बाबा भूमिदास सेवा संस्थान आश्रम में लगी सौर ऊर्जा का बैटरा चुराकर ले गए। गांव निवासी ईश्वर सिंह उर्फ बॉबी पुत्र सुखन सिंह ने बताया कि महाराज सप्ताह भर से बाहर गए हुए हैं जिनकी गैर मौजूदगी में दिन में बहुत से श्रद्धालु आश्रम की देखभाल करते रहते हैं, जबकि रात में गांव निवासी रणवीर सिंह निगरानी कर लेते थे, मगर कई दिनों से बीमार होने के कारण वह रात में आश्रम नहीं जा पा रहे थे जिसका लाभ उठाकर चोर अपना काम कर गए। ईश्वर सिंह ने बताया कि उन्होंने कासमपुर गढ़ी पुलिस चौकी इंचार्ज दरोगा मनवीर सिंह को घटना से अवगत करा दिया है।**

# पीजीटी चयन सूची में गिरिजेश ने प्राप्त किया प्रदेश में प्रथम स्थान


**चांदपुर ( चिंगारी )।** गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चान्दपुर-स्याऊ के भूगोल विभाग में कार्यरत असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. विनोद कुमार के निर्देशन में शोध कार्य कर रहे शोध छात्र गिरिजेश चौरसिया का चयन पीजीटी में भूगोल विषय के प्रवक्ता (लेक्चरर) के पद पर हुआ है। उन्होंने चयन सूची में संपूर्ण प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि से पूरे कॉलेज और विभाग में हर्ष का माहौल है। गिरिजेश चौरसिया ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के आशीर्वाद, अपने शोध निर्देशक डॉ. विनोद कुमार के कुशल मार्गदर्शन तथा अपनी कड़ी मेहनत को दिया है। असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. विनोद कुमार ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि गिरिजेश चौरसिया शुरू से ही एक होनहार और अनुशासित शोध छात्र रहे हैं। उनकी इस उपलब्धि से विभाग के अन्य विद्यार्थियों और शोधार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. साधना, भूगोल विभागाध्यक्ष प्रो. महीपाल सिंह, एवं अन्य प्राध्यापकों ने गिरिजेश चौरसिया को बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर साधना ने गिरिजेश चौरसिया को महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका 'गुलाब प्रकीर्ति' भी भेंट की।



गिरिजेश को सम्मानित करते हुये प्राचार्या डा. साधना।

# गंदगी, गड्ढे और रात में अंधेरा
## इस रोड पर समस्याओं का डेरा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** नजीबाबाद रोड स्थित स्टेशन चौराहे से लेकर काकरान वाटिका और सेल्स ऑफिस तक फैली समस्याओं को लेकर स्थानीय नागरिकों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर शीघ्र समाधान की मांग की है। लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लंबे समय से जलभराव, गंदगी और स्ट्रीट लाइटों की खराब व्यवस्था के कारण आमजन का जीवन प्रभावित हो रहा है। ज्ञापन के अनुसार, सेल्स टैक्स कार्यालय से लेकर स्टेशन चौराहे तक के पास स्थित नाले गंदे पानी और कचरे से पूरी तरह भरे हुए हैं। इससे गंदा पानी सड़कों पर फैल रहा है, जिससे दुर्गंध के साथ मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। स्थानीय लोगों ने संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका भी जताई है। नागरिकों का कहना है कि क्षेत्र में कई



बिजली के खंभों पर स्ट्रीट लाइटें खराब पड़ी हैं। रात के समय अंधेरा रहने से लोगों को आवागमन में परेशानी होती है और असामाजिक तत्वों का भी डर बना रहता है। शिकायत पत्र में यह भी बताया गया है कि सड़क किनारे गहरे गड्ढे बने हुए हैं, जो बारिश के दौरान पानी से भर जाते हैं। इससे राहगीरों, स्कूली बच्चों और वाहन चालकों को दुर्घटना का खतरा बना रहता है। इसके अलावा क्षेत्र में नाले ढके न होने के कारण कई बार बेसहारा पशु भी उनमें गिर जाते हैं। स्थानीय नागरिकों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि नालों की सफाई कराई जाए, खराब स्ट्रीट लाइटों को ठीक कराया जाए, सड़क किनारे बने गड्ढों की मरम्मत कराई जाए तथा क्षेत्र की अन्य समस्याओं का जल्द समाधान कराया जाए, जिससे वहां रहने वाले नागरिकों को राहत मिल सके।



मनोकामना मंदिर में व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में जानकारी लेती एडीएम व अन्य अधिकारी।

# एडीएम प्रशासन ने कांवड़ यात्रा की तैयारियों का जायजा लिया

**शेरकोट ( चिंगारी )।** कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने क्षेत्र का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। कल शाम अपर जिलाधिकारी अंशिका दीक्षित, अपर पुलिस अधीक्षक ए.के. श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी धामपुर डा. अंजनी कुमार तथा प्रभारी निरीक्षक थाना धामपुर रविन्द्र प्रताप सिंह ने मनोकामना मंदिर सहित कांवड़ मार्ग, शिविरों, टेंटों, सीसीटीवी कैमरों तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था तथा श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही कांवड़ यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाओं को समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें।

# गांव में लगाया योग चिकित्सा शिविर



**नहटौर ( चिंगारी )।** ग्राम रघुनाथपुर में नि:शुल्क आयुर्वेदिक एव योग चिकित्सा शिविर का आयोजन हुआ, जिसमें कुल 168 रोगियों को आयुर्वेद एवं योग परामर्श के साथ नि:शुल्क औषधियां वितरित की गई। रघुनाथपुर में ग्राम प्रधान महेन्द्रपाल सिंह के आवास पर आयोजित शिविर में रोगियों को उनकी बीमारी के अनुसार योग का भी अभ्यास कराया गया। साथ ही दिनचर्या, आहार विहार पथ्य-अपथ्य आदि के बारे में जानकारी प्रदान की गई। वरिष्ठ नागरिकों को भी स्वस्थ रहने के टिप्स प्रदान किये गए। शिविर में मुख्य रूप से ज्वर, संधिवात, अम्लपित्त, शिर:शूल, शियाटिका, दुर्बलता, प्रमेह, मूत्रकृच्छ आदि के रोगी उपलब्ध रहे। शिविर में रा.आ. प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. रंजन वर्मा, रा. आयुर्वेदिक चिकिसाधिकारी पैजनिया डा. फईम अहमद, योग प्रशिक्षक तिलकराम, सहायक योग प्रशिक्षक हिमानी, संदीप दुबे, अंकुल कुमार, रविन्द्र कुमार आदि अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जबरदस्ती वीडियोग्राफी करने पर पति-पत्नी का चालान

**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** उच्च प्राइमरी विद्यालय में जबरदस्ती वीडियोग्राफी करना तथा शिक्षक व कर्मचारियों को धमकाकर रोब झाड़ना एक दम्पति को भारी पड़ा। पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम बेगमपुर शादी उर्फ रामपुर निवासी गुलजार पुत्र हनीफ व शबनम आरा पत्नी गुलजार प्राथमिक विद्यालय में घुसकर वीडियोग्राफी करने लगे। विद्यालय में मौजूद अध्यापकों द्वारा इसका विरोध किया गया, तो गुलजार व शबनम फौजदारी पर उतारु हो गये। शांति व्यवस्था के दृष्टिगत गुलजार पुत्र हनीफ, शबनम आरा पत्नी गुलजार निवासीगण ग्राम बेगमपुर शादी उर्फ रामपुर थाना कोतवाली देहात जनपद बिजनौर को हिरासत में लेकर पुलिस ने चालान की कार्यवाही की है।

# आफताब आलम को श्रद्धांजलि अर्पित की



**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** यासीन मार्केट में बबलू कुरैशी के निवास पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल नगर कोतवाली द्वारा एक शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में तीन दिन पूर्व व्यापार मंडल के पदाधिकारी व जूते के वरिष्ठ व्यापारी हाजी आफताब आलम अंसारी के आकस्मिक निधन पर गहरा दु:ख प्रकट करते हूए शोक संवेदना व्यक्त की गई तथा 2 मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना (दुआ) की गई। शोक सभा में नगर अध्यक्ष चौधरी वीरपाल सिंह, पूर्व प्रधान डॉक्टर इश्तियाक मोहम्मद अंसारी, मुकेश त्यागी, बाबू कुरैशी, चौधरी सतपाल, अंशुल शर्मा, नौशाद अलवी, अंकित चौधरी, मोहम्मद आजम, राजबहादुर वर्मा, शेख आफताब, शफी मास्टर, भूरे ठेकेदार, एड. जावेद जिया, शाहिद अंसारी, आसिफ अंसारी, वरिष्ठ पत्रकार कल्लन कादरी, उस्मान अंसारी, मोनू अग्रवाल, अंकित प्रजापति, आमिर अंसारी इरफान अंसारी, एहतेशाम, मोनू, फरजान, मौ. कामिल आदि उपस्थित रहे।

# सिख समाज के लोगों के साथ थाने पहुंचे भाजपाई

**गुरुवार की शाम हुई थी मारपीट की वारदात**

**3 नामजद व 15-20 अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट लिखवाई**

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** विधायक प्रतिनिधि नितिन चौहान उर्फ पाटू के नेतृत्व में शुक्रवार की शाम क्षेत्रीय भाजपा नेताओं व सिख समाज के तमाम लोगों ने थाना प्रभारी राजीव कुमार वर्मा से वार्ता के दौरान दो सिख युवकों के साथ बेरहमी से की गई मारपीट में आरोपियों का बचाव करने और उल्टे सिख समाज के युवकों को ही हिरासत में लेने पर नाराजगी जताई। थाने पर भीड़ पहुंचने की सूचना पर सीओ अफजलगढ़ आलोक कुमार सिंह भी थाने पहुंचे और भाजपाइयों व सिख समाज के लोगों की बात सुनी एवं ग्राम छतरीपट्टा निवासी करम सिंह के पुत्र गुरजीत सिंह द्वारा दिए गए प्रार्थना-पत्र के आधार पर अयान कुरैशी पुत्र इस्तखार कुरैशी, नौशाद कुरैशी पुत्र इसरार कुरैशी निवासीगण रेहड़ एवं काले कुरैशी पुत्र अमीर कुरैशी निवासी मानियावाला व 15-20 अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया। प्रार्थना-पत्र में गुरजीत ने बताया कि वह अपने साथी रेहड़ निवासी गुरमीत सिंह के साथ कार द्वारा गुरुवार की शाम



सीओ से वार्ता करते भाजपा नेता व सिख समाज के लोग।

काशीपुर जा रहा था कि अयान कुरैशी पुत्र इस्तखार कुरैशी, नौशाद कुरैशी पुत्र इसरार कुरैशी निवासीगण रेहड़ एवं काले कुरैशी पुत्र अमीर कुरैशी निवासी मानियावाला व 15-20 अज्ञात ने रेहड़ में हाईवे पर उनकी कार को जबरन रोक लिया और जान से मारने की नीयत से कार से खींचकर मारपीट की एवं पगड़ी उतार कर उसे पैरों से रौंदते हुए बेअदबी की गई। नितिन उर्फ पाटू सहित थाने पहुंचकर वार्ता करने वालों में ब्लॉक प्रमुख प्रदीप कुमार बबली, कपिल कुमार, कुनाल चौहान, विक्की सोलर, गुरविंदर सिंह, बलजीत सिंह, संजीव गहलौत, संदीप चौहान, सर्वजीत हुंदल, मास्टर भारत सिंह आदि अनेक भाजपाई एवं सिख समाज के लोग मौजूद रहे।

### सीओ का कहना है..

**पुलिस क्षेत्राधिकारी अफजलगढ़ आलोक कुमार सिंह ने बताया कि इस घटना में दूसरे पक्ष की तहरीर आने पर उस पर भी निष्पक्ष कार्यवाही की जाएगी। मारपीट की वारदात में कुरैशी पक्ष की ओर से एक व्यक्ति के सिर में गम्भीर चोट बताई जा रही है जिसे हायर सेंटर भेजा गया है।**

# प्रेमिका ने भी ज़हरीला पदार्थ खाकर जान दी

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )**। चार दिन पूर्व हुए चर्चित हत्याकांड के बाद सामने आए प्रेम प्रसंग के मामले में मृतक युवक से जुड़ी युवती ने भी जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम आनंदीपुर निवासी एक युवक की प्रेम प्रसंग के चलते चार दिन पूर्व तीन लोगों ने पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। आरोप है कि हत्या के बाद आरोपी युवक के शव को ग्राम के ही एक खेत में फेंककर फरार हो गए थे। इस मामले में पुलिस तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज चुकी है। बताया जाता है कि गिरफ्तार किए गए तीन आरोपियों में से एक मृतका का सगा भाई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार युवक और युवती के बीच चल रहे प्रेम प्रसंग को लेकर ही विवाद उत्पन्न हुआ था, जिसके चलते युवक की हत्या किए जाने का आरोप है। बताया जाता है कि उक्त घटना से आहत युवती ने भी जहरीला पदार्थ खा लिया था। जिसे गंभीर अवस्था में उत्तराखंड के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। युवक की हत्या के चार दिन के भीतर प्रेमिका की भी मौत होने से पूरे क्षेत्र में चर्चा का माहौल है। पुलिस ने युवती के शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा है।

# भाकियू अनंत के पांच नेताओं को पुलिस ने किया हाउस अरेस्ट



**नगीना ( चिंगारी )**। जंतर-मंतर पर चल रहे छात्र आंदोलन को समर्थन देने के लिए दिल्ली जा रहे भारतीय किसान यूनियन (अनंत) के पांच नेताओं को पुलिस ने नगीना में रोककर हाउस अरेस्ट कर लिया।

बृहस्पतिवार की दोपहर संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद मसब, प्रदेश उपाध्यक्ष रफीक अहमद, युवा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष माजिद निसार, मंडल उपाध्यक्ष फारुख शेख, प्रदेश सचिव युवा गुड्डू कुरैशी आदि किसान नेताओं को पुलिस ने काजीसराय स्थित एक मकान में नजरबंद कर लिया। यह सभी लोग कार्यकर्ताओं के साथ दिल्ली जाना चाह रहे थे। पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश सोलंकी का कहना है कि कुछ लोगों के दिल्ली में छात्र आंदोलन में जाने की सूचना मिलने के बाद उन्हें रोका गया था।


# भागवत बोले- नई पीढ़ी को आदेश न दें, बातचीत करें

## हम मनमानी करेंगे, शक्ति से सबके मालिक बनेंगे, ऐसा नहीं हो सकता

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )**। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने आज दिल्ली में कहा, आज की नई पीढ़ी बहुत सारे सवाल पूछती है। हमें आदेश देने की बजाय उनसे बातचीत करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि उन्हें हर बात के पीछे का तर्क समझाना चाहिए, न कि आदेश देना चाहिए। संवाद के जरिए ही उन्हें सही दिशा दिखाई जा सकती है। हम मनमानी करेंगे, शक्ति से सबके मालिक बनेंगे, ऐसा नहीं हो सकता। उनका यह बयान ऐसे समय आया है, जब देश में पेपर लीक के मुद्दे को लेकर छात्र जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे हैं। मोहन भागवत ने कहा, 'पहले के समय में माता-पिता की बात बिना किसी सवाल के मान ली जाती थी। जब हम छोटे थे, तो माता-पिता जो कहते थे, वही अंतिम होता था।' कोई बहस नहीं होती थी। श्रद्धा थी और प्रतिक्रिया भी नहीं होती थी, लेकिन अब समय बदल गया है। नई पीढ़ी सवाल पूछती है और उन्हें हर बात का तर्क बताना पड़ता है।





# बैराज रोड पर खुलेआम हो रहा अवैध मिट्टी भराव, प्रशासन की निगरानी पर उठे सवाल

**बिजनौर ( चिंगारी )**। बैराज रोड पर खेड़की चौराहे से करीब एक किलोमीटर आगे ममैरिटा पब्लिक स्कूल के पास बड़े पैमाने पर कथित अवैध मिट्टी भराव का मामला सामने आया है। आरोप है कि बिना अनुमति चल रहा यह कार्य प्रतिदिन सुबह से ही शुरू हो जाता है, जिसके चलते सड़क पर यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है और राहगीरों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा मुहम्मदपुर मंडल अध्यक्ष दीपक कुमार ने मामले को लेकर जिला प्रशासन से शिकायत करते हुए आरोप लगाया कि सड़क किनारे बड़े पैमाने पर मिट्टी भराव के चलते आवागमन बाधित हो रहा है। इससे किसी भी समय गंभीर सड़क हादसा होने की आशंका बनी हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि मिट्टी भराव का कार्य बिना अनुमति किया जा रहा है, तो इससे सरकारी राजस्व को भी नुकसान पहुंचने की संभावना है। दीपक कुमार ने जिला प्रशासन से मांग की है कि संबंधित विभागों की संयुक्त टीम गठित कर तत्काल मौके का निरीक्षण कराया जाए। साथ ही अवैध गतिविधि में संलिप्त लोगों की जांच कर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाए और बिना अनुमति चल रहे मिट्टी भराव के कार्य पर तत्काल रोक लगाई जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो यह गतिविधि और बढ़ सकती है, जिससे आमजन की सुरक्षा के साथ-साथ राजस्व को भी नुकसान पहुंच सकता है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस शिकायत को कितनी गंभीरता से लेता है और मौके पर जांच कर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ क्या कार्रवाई करता है।

# हादसा : टायर फटने पर रेलिंग से टकरा गई कार

**शेरकोट ( चिंगारी )**। हरिद्वार-काशीपुर नेशनल हाईवे पर टायर फटने से अनियंत्रित हुई कार सड़क किनारे लगी लोहे की रेलिंग से टकरा गई। इस दौरान कार काफी दूर तक सड़क पर लहराने से बड़ा हादसा होने से बच गया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम छः बजे बिजनौर निवासी संदीप कुमार परिजनों के साथ अफजलगढ़ से अपने घर वापस घर लौट रहे थे। जब ये गैस एजेंसी के निकट मोड़ पर पहुंचे तो अचानक कार का अगला टायर फट गया,जिससे कार अनियंत्रित हो गई और काफी दूर तक सड़क पर लहराने के बाद सड़क किनारे लगी लोहे की ग्रिल से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि इस हादसे में कार सवारों को कोई चोट नहीं लगी। घटना के बाद मौके पर आये आसपास के लोगों ने कार सवारों को बाहर निकाला। प्रत्यदर्शियों के अनुसार टायर फटने के कारण कार सड़क पर काफी दूर तक लहराती चली गई, इस दौरान कोई अन्य वाहन आ जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने कार को हटवाकर यातायात बहाल करा दिया।



# 'परीक्षा प्रणाली को सरकार पूरी तरह पारदर्शी बनाये'

ऋषिकेश ( चिंगारी )। कांग्रेस नेता जयेन्द्र रमोला ने छात्र-छात्राओं के साथ छात्र-युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित कर देशभर में सामने आ रहे पेपर लीक मामलों तथा दिल्ली के जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्र-छात्राओं पर हुए लाठीचार्ज और

## कांग्रेस नेता रमोला ने आयोजित किया छात्र-युवा संवाद कार्यक्रम

आंसू गैस के प्रयोग के विरोध में कहा कि देश का युवा आज अपने भविष्य को लेकर गहरी चिंता और असुरक्षा के दौर से गुजर रहा है। एक ओर वर्षों की मेहनत के बाद होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र बार-बार लीक हो रहे हैं, वहीं दूसरी ओर जब छात्र अपने अधिकारों की मांग को लेकर लोकतांत्रिक तरीके से आवाज़ उठाते हैं तो




उन्हें लाठियों और आंसू गैस से जवाब दिया जाता है। यह किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। सरकार की जिम्मेदारी युवाओं को सुरक्षित और निष्पक्ष परीक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराना है, लेकिन बार-बार हो रही ऐसी घटनाएं सरकार की विफलता को उजागर करती हैं। हमारी मांग है,कि पेपर लीक के दोषियों पर कठोर कानूनी कार्रवाई हो, परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह पारदर्शी बनाया जाए तथा प्रभावित अभ्यर्थियों को शीघ्र न्याय मिले।

बैठक में पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष गौरव राणा,

## सरकार छात्रों से संवाद करें न कि उन्हें दबाये : गौरव

**छात्रसंघ उपाध्यक्ष आयुष तडियाल ने कहा कि हम सभी छात्र जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्र-छात्राओं पर की गई पुलिस कार्रवाई की आलोचना करते हैं। साथ ही मांग करते हैं कि सरकार छात्रों से संवाद करे न कि उन्हें डराने और दबाने का प्रयास करे।**

प्रदेश सचिव सोशल मीडिया बृज भूषण बहुगुणा, युवा कांग्रेस महानगर अध्यक्ष हिमांशु कश्यप, छात्रसंघ उपाध्यक्ष आयुष तड़ियाल, एनएसयूआई महानगर अध्यक्ष गौरव जोशी, विशाल भारती, जतिन राणा, कार्तिक, आशीष, वासु मालिक, अभिषेक पाल, दीपक, लक्की सिंह, अश्मित, अभिषेक राणा, अभिषेक राणा, अक्षत रावतअमित कुमार, रोहित शर्मा, आदित्य जोशी, हिमांशु रावत, आयुष नेगी, सौरभ भट्ट, अंकित पंवार, राहुल बिष्ट, दीपक गुसाईं, मोहित नौटियाल, सचिन थपलियाल, नितिन रमोला, गौरव भंडारी, विकास राणा, अंशुल सेमवाल, हर्षित बहुगुणा, शिवम डोभाल, मनीष चमोली, अभिषेक कंडारी, विनय पंवार, कमल रौतेला, रवि बिष्ट, आकाश सजवाण, प्रियांशु गैरोला, यशपाल रावत, करण भट्ट, शुभम नेगी, अरविंद पंवार, विशाल उनियाल, निखिल डोभाल आदि उपस्थित थे।

# पात्र लोगों के राशन कार्ड किये निरस्त पार्षद सुखपाल ने रोष किया व्यक्त

## एसडीएम को दिया ज्ञापन

कोटद्वार ( चिंगारी )। नगर निगम के अंतर्गत वार्ड नं. 37 झंडीचौड़ के पार्षद सुखपाल शाह ने पात्र लोगों के राशन कार्ड निरस्त किए जाने पर रोष व्यक्त किया है। कहा कि लगातार शिकायतों के बावजूद मामले को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है, जिससे गरीब और जरूरतमंद परिवार सरकारी खाद्य सुरक्षा योजना के लाभ से वंचित हो रहे हैं। इस संबध में उपजिलाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में उन्होंने कहा कि लगभग तीन माह पूर्व खाद्य एवं पूर्ति विभाग तथा प्रशासन द्वारा राशन कार्डों का सत्यापन कराया गया था। सत्यापन के दौरान कई पात्र परिवारों के राशन कार्ड निरस्त कर दिए गए थे। इनमें बड़ी संख्या में विधवा महिलाएं और आर्थिक रूप से कमजोर परिवार शामिल थे, जिनकी आजीविका का कोई स्थायी साधन नहीं है और जो केवल 1500 रुपये प्रतिमाह मिलने वाली पेंशन पर निर्भर हैं। कहा कि यदि जांच में अपात्र लोगों के नाम हटाए गए हैं तो उस पर उन्हें कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन पात्र गरीब परिवारों के नाम हटाना अन्यायपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कई परिवारों के पास अपने आवास के अतिरिक्त कोई भूमि नहीं है और वे आर्थिक तंगी का सामना कर रहे हैं। ऐसे जरूरतमंद परिवारों को राशन कार्ड योजना का लाभ मिलना बेहद आवश्यक है। ज्ञापन में उन्होंने उपजिलाधिकारी से मांग की है कि जिन पात्र लोगों के राशन कार्ड निरस्त किए गए हैं, उनका दोबारा सर्वे कराकर उनके राशन कार्ड बनायें जायें।

# देश में फैल रही अराजकता पर पूर्व सैनिकों ने चिंता व्यक्त की

कोटद्वार ( चिंगारी )। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद से जुड़े पूर्व सैनिकों ने देश में फैल रही अराजकता पर चिंता व्यक्त की है। कहा कि समय रहते स्थिति को संभाला जाना चाहिए, नहीं तो हालात बेकाबू हो सकते हैं। इस संबंध में अपर कालाबड़ स्थित कार्यालय में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान में देश में अराजकता फैल रही है। कहीं सुरक्षा बलों पर हमले हो रहे हैं तो कहीं शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर लाठी चार्ज किया जा रहा है। कहा कि देश के भविष्य युवाओं को भ्रमित किया जा रहा है। मौके पर युवाओं से अपने भविष्य पर ध्यान केंद्रित करने और राजनैतिक दलों के बहकावे में न आने का आह्वान करते हुए कहा गया कि सभी को प्रधानमंत्री पर विश्वास रखना चाहिए। वे उचित समय पर उचित फैसले लेने में सक्षम हैं। बैठक में परिषद अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह नेगी, बलवान सिंह रावत, गोपाल कृष्ण बड़थ्वाल, संजय असवाल, नरेन्द्र सिह रावत और मनोहर सिंह सहित परिषद से जुड़े अन्य पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

# बलूनी स्कूल के छात्रों ने जीते रजत व कांस्य पदक

कोटद्वार ( चिंगारी )। बलूनी पब्लिक स्कूल में आयोजित सीबीएसई नॉर्थ जोन आर्चरी चैंपियनशिप का समापन हो गया है। अंतिम दिन इंडियन राउंड की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रतियोगिता में सीबीएसई स्कूलों के लगभग 320 छात्रों ने प्रतिभाग किया। अंतिम दिवस पर आयोजित प्रतियोगिताओं में अंडर-19 बालक वर्ग में देव पब्लिक स्कूल बागपत के नीरज ने स्वर्ण पदक जीता। सोशल बलूनी पब्लिक स्कूल देहरादून के छात्र शुभ भंडारी ने रजत एवं इसी स्कूल के आशुतोष बथावल ने कांस्य पदक अपने नाम किया। अंडर-19 बालिका वर्ग में देव पब्लिक स्कूल की वेदांशी ने स्वर्ण, इसी स्कूल की वंशिका राणा ने रजत एवं मानस्थली स्कूल राजस्थान की छात्रा नयन रस्तोगी ने कांस्य पदक जीता। समापन समारोह में बलूनी ग्रुप ऑफ एजुकेशन के मैनेजिंग डायरेक्टर विपिन बलूनी व स्कूल निदेशिका अभिलाषा भारद्वाज ने विजेता छात्रों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने से छात्रों को अपने सामर्थ्य और कला को परखने का अवसर मिलता है। इस दौरान माधुरी डबराल, रेनू कोटनाला, रानी नेगी, प्रदीप तिवारी और विनोद तिवारी सहित स्कूल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# अनुरोध के आधार पर शिक्षकों के सभी श्रेणियों में स्थानान्तरण करने की मांग

## शिक्षक संघ ने भेजा प्रांतीय कमेटी को पत्र

कोटद्वार ( चिंगारी )। राजकीय शिक्षक संघ गढ़वाल मंडल शाखा ने अनुरोध के आधार पर शिक्षकों के सभी श्रेणियों में स्थानांतरण किए जाने की मांग की है।

इस संबंध में गढ़वाल मंडल अध्यक्ष जयदीप रावत व मंत्री मनमोहन सिंह चौहान द्वारा प्रांतीय कार्यकारिणी को प्रेषित ज्ञापन में कहा गया है कि पदोन्नति व स्थानांतरण शिक्षकों का मौलिक अधिकार है, लेकिन लंबे समय से पदोन्नति व स्थानांतरण नहीं होने से शिक्षक अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं। हालत यह है कि शिक्षक जिस पद व स्थान पर नियुक्त हो रहे हैं उसी पद से सेवानिवृत हो रहे हैं। इस समय शिक्षकों के अनुरोध के आधार पर स्थानांतरण के लिए भी दुर्गम में कई वर्षों से सेवाएं दे रहे शिक्षक आवेदन नहीं कर पा रहे हैं। जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा इस संबंध में तर्क दिया जा रहा है, कि सुगम-दुर्गम का मामला उच्च न्यायालय में विचाराधीन है, जिसके कारण शिक्षकों के एजुकेशन पोर्टल से सुगम-दुर्गम का सेवा विवरण हटाना पड़ा जबकि यह मामला बेसिक संवर्ग के शिक्षकों से संबंधित है, माध्यमिक संवर्ग के शिक्षकों का इससे कोई लेना-देना नहीं है। ऐसी स्थिति में अनुरोध के आधार पर सभी श्रेणियों में आवेदन मांगे जाने चाहिए। ज्ञापन में उन्होंने प्रांतीय कार्यकारिणी से अधिकारियों से वार्ता कर इस समस्या का समाधान निकालने की अपील की है।

# 'सुन्दरा' ने किया नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन

ऋषिकेश ( चिंगारी )। समाज सेवा और जनकल्याण की भावना को साकार करते हुए सुंदरा सामाजिक संस्था के तत्वावधान में नगर क्षेत्र में एक भव्य नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ नगर निगम ऋषिकेश के महापौर शम्भू पासवान ने फीता काटकर किया। महापौर ने कहा कि स्वस्थ नागरिक, समृद्ध समाज और विकसित ऋषिकेश की परिकल्पना तभी साकार हो सकती है जब प्रत्येक व्यक्ति तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सहज रूप से पहुंचें। उन्होंने कहा कि ऐसे नि:शुल्क



स्वास्थ्य शिविर जरूरतमंद लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होते हैं तथा समाज में सेवा, सहयोग और मानवता की भावना को और अधिक सुदृढ़ करते हैं। महापौर शम्भू पासवान ने इस आयोजन के लिए चिकित्सकों, क्षेत्रीय पार्षद राजेंद्र बिष्ट, संजू बिष्ट, श्रीमती ज्योति सजवान तथा सभी सहयोगियों योगदान की सराहना की।

# शराब के 30 पव्वों के साथ, अजय आया पुलिस के हाथ

ऋषिकेश ( चिंगारी )। जनपद को नशा मुक्त करने व नशा अवैध शराब,चरस,स्मैक,गांजा आदि तस्करों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंन्तर्गत कोतवाली ऋषिकेश द्वारा क्षेत्र में टीमों का गठन कर लगातार चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। गठित पुलिस टीम द्वारा लगातार तस्करों के ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। पुलिस टीमो द्वारा चैकिंग के दौरान थाना क्षेत्र के डंक वाली रोड ऋषिकेश, से अजय पुत्र स्व, पन्नालाल निवासी नई जाटव बस्ती ऋषिकेश के कब्जे से 30 पव्वे ट्रेटा पैक अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम कानि. अंगेश्वर, कानि. अमित राणा शामिल रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# सड़क पर लोहे की शीट्स और ठोंकी गईं कीलें

## दिल्ली पुलिस की जंतर-मंतर पर अभेद्य किलाबंदी

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** देश की राजधानी दिल्ली में जंतर-मंतर पर छात्रों का प्रदर्शन जारी है और इसके ठीक सामने पुलिस ने बेहद सख्त सुरक्षा व्यवस्था कर दी है। पुलिस ने सड़क पर लोहे की मोटी शीट्स को कील और पेंच से फिक्स कर दिया है ताकि बैरिकेड न तो हिलाए जा सकें और न ही गिराए जा सकें।

इसके अलावा बैरिकेड्स को लोहे की चेन से आपस में बांध दिया गया है। जॉइंट सीपी विजय सिंह भी अपनी टीम के साथ संसद मार्ग पर निगरानी करते नजर आए। उन्होंने कहा कि हालात अभी सामान्य हैं और बैरिकेड को नए तरीके से फिक्स करने पर उनका कहना था कि जो भी सही लग रहा है वो कॉम्पिटेंट अथॉरिटी कर रही है। जयसिंह मार्ग के सामने ही जंतर-मंतर का प्रोटेस्ट साइट है और बीच में संसद मार्ग पड़ता है। पूरे इलाके को पुलिस ने चारों तरफ से बैरिकेडिंग करके घेर रखा है, हर तरफ कम से कम छह से सात लेयर में बैरिकेडिंग की गई है। सामने लोगों की भीड़ भी दिखाई दे रही है और संसद मार्ग यानी सीपी की तरफ से लगातार भीड़ बढ़ती जा रही है। पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था को करीब से देखने पर पता चलता है कि बैरिकेडिंग तीन अलग-अलग लेयर में लगाई गई है। इन सभी बैरिकेड्स को आपस में चेन और रस्सियों से बांधा गया है ताकि इन्हें हटाने की कोशिश की जाए तो भी एक भी बैरिकेड अलग न हो सके।




महालक्ष्मी प्रॉपर्टीज

मात्र 5 लाख रुपयों में 100 गज का प्लॉट प्राप्त करें।

आसान किस्तों में भी प्लॉट उपलब्ध

सस्ते मकान व सस्ते प्लॉट लेने के लिये सम्पर्क करें-

अंकुर कुमार बिजनौर मो. 9837881234



DISTANCE AND ONLINE COURSES

- MBA
- MCA
- M LIB
- MA (JMC)
- M.Sc
- BBA
- BCA
- B LIB
- BA (JMC)
- B.Sc

ASIAN INSTITUTE OF HIGHER EDUCATION

MORADABAD ROAD NEAR ROOTS SCHOOL BIJNOR

PH. 9410600428, 9868264774

आवश्यकता है

R.P.S. INTERNATIONAL SCHOOL

(C.B.S.E. Patteran An English Medium)

ग्राम फतेहपुर कलां, बिजनौर को कक्षा एक से कक्षा 8 तक सभी विषयों हेतु अध्यापक/अध्यापिकाओं की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति तुरंत सम्पर्क करें। वेतन योग्यतानुसार। स्टाफ के लिये आने व जाने की सुविधा।

मो. 8394838034, 8954568123, 9359888044

MILLENNIUM PUBLIC SCHOOL

NAJIBABAD ROAD, KOTWALI DEHAT DISTT. BIJNOR

URGENTLY REQUIRED

TGT (ALL SUBJECTS)

PRT (ALL SUBJECTS)

P.T.I. (B.P.Ed/M.P.Ed)

ENGLISH CONVERSATION

URDU & SANSKRIT

Fluency in English is essential Experienced candidate will be preferred

Email : mpskotwali@gmail.com Send Resume on the Given Number

Cont. No.: 9634289199



खुल गया! खुल गया!

श्री लाइट



सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।



पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर

बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट

Fybros Fans, Havells Fans, Orient Fans



सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर

मो. 9897024836, 8800092476





Gents Specialist

Suit | Sherwani | Pant Shirt | Fancy Coat | Ladies Coat

CLASSIC TAILORS 9927060150

CLASSIC SHOES

CLASSIC Shoes

M: 9897041426

NIKE | PUMA | SKECHERS | WOODLAND | RED CHIEF | Lee Cooper | campus

Add.: Chahshireen Road, Bijnor

Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD

Kajaria Exculsive Showroom

बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट

Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom



DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT

TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY

Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक

₹8/- PER SQ. FT सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा

8445517265

8791919960

सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर